हरिभूमि
# रायपुर भूमि



नवरात्रि विशेष



## षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुद्रर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं।

## हरिभूमि की खबर का असर, राहगीरों को गुमराह करने वाला संकेत होर्डिंग्स हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में वाहन चालकों को गुमराह करने वाला संकेत होर्डिंग्स को हरिभूमि की खबर के बाद नगर निगम प्रशासन ने हटवा दिया। मरीन ड्राइव से तेलीबांधा थाना की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर अवंति विहार जाने वाले रास्ते के पास संकेत होर्डिंग्स लगा था। इस संकेत होर्डिंग्स में बड़ी त्रुटि थी। राम मंदिर, एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंदिर हसौद, आरंग, रायगढ़, सरायपाली जाने के लिए इसमें जो एरो दर्शाया गया था, उसके अनुसार राहगीर रास्ता भटक कर अवंति विहार की ओर जा रहे थे, जबकि होर्डिंग्स में लिखे स्थानों के लिए एरो तेलीबांधा थाना की ओर दर्शाया जाना था। हरिभूमि ने वाहन चालकों को इस एरो होर्डिंग्स के कारण हो रही परेशानी से बचाने के लिए प्रमुखता के साथ ▶▶| शेष पेज 13 पर

### जनप्रतिनिधियों के फोटो भी हटा दिए

होर्डिंग्स में लगे संकेत बैनर के दोनों तरफ जनप्रतिनिधियों के फोटो भी लगे हुए थे। इस बैनर के हटने से जनप्रतिनिधियों की फोटो भी हट गए हैं। सूत्रों से पता चला कि नगर निगम जल्द इस होर्डिंग्स में अब नया संकेत बैनर लगाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों के फोटो भी रहेंगे।

### मरीन ड्राइव में लगे एरो होर्डिंग्स में बड़ी त्रुटि

*मरीन ड्राइव के पास लगे संकेत होर्डिंग्स में भी बड़ी त्रुटि है। तेलीबांधा थाना से मरीन ड्राइव जाने वाले मार्ग पर लगे इस होर्डिंग्स संकेत में भगत सिंह चौक, जयस्तंभ चौक, घड़ी चौक, शास्त्री चौक जाने के लिए बने एरो के निशान सही दिशा में दिखा रहे हैं, लेकिन जलविहार कालोनी एवं कटोरा तालाब की ओर जाने वाला एरो निशान गलत दिशा में बना हुआ है। जलविहार कालोनी जाने के लिए राइट तरफ एरो का निशान है, वहीं कटोरा तालाब के लिए सीधा एरो बना हुआ है, जबकि दोनों इलाके लेफ्ट साइड में ही मरीन ड्राइव तालाब क्षेत्र से लगे हुए हैं।*




### गलत संकेत होर्डिंग्स हटा, पर नया लगा नहीं

*मरीन ड्राइव से तेलीबांधा थाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर अवंति विहार जाने वाले रास्ते के पास गलत संकेत होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई सोमवार को की गई। इस संकेत होर्डिंग्स में जिन स्थानों पर जाने के लिए नाम और एरो बनाए गए थे, उस बैनर को होर्डिंग्स से निकलवा दिया गया है, लेकिन उसकी जगह सही एरो वाला बैनर होर्डिंग्स में नहीं लगाया है। इसके कारण यह होर्डिंग्स न केवल शहर की खूबसूरती बिगाड़ रहा है, बल्कि रास्तों से अनभिज्ञ मरीन ड्राइव से तेलीबांधा मार्ग से राम मंदिर, एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंदिर हसौद, आरंग, रायगढ़, सरायपाली जाने वाले वाहन चालकों को भी आम लोगों से पूछ-पूछकर जाना पड़ रहा है।*

*चरोदा, धरसींवा आईडीबीआई बैंक में डेढ़ करोड़ का गबन ब्लैंक चेक के जरिए खेला गया खेल*

## बैंक के धोखे ने छीन ली बुढ़ापे की लाठी, बच्चों के सपनों को लगा ग्रहण, पाई-पाई को मोहताज हुए ग्रामीण

हेमंत वर्मा ▶▶| रायपुर/धरसींवा

खास खबर

बैंकिंग व्यवस्था जिसे आम आदमी अपनी जीवन भर की पूंजी का सबसे सुरक्षित किला मानता है, जब वही किला भीतर से खोखला होने लगे तो जनता के विश्वास की जड़ें हिलना स्वाभाविक है। रायपुर जिले के धरसींवा अंतर्गत चरौदा स्थित आईडीबीआई बैंक की शाखा में सामने आया ताजा वित्तीय घोटाला इसी अविश्वास की एक भयावह गाथा लिख रहा है। यहाँ बैंकिंग नियमों को ताक पर रखकर उन मासूम सपनों की बलि चढ़ा दी गई, जिन्हें संजोने के लिए ग्रामीण और गरीब परिवारों ने अपने पसीने की एक-एक बूंद सींची थी। अब तक की जांच में करीब 20 खाताधारकों के लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के गबन की पुष्टि हो चुकी है, जिसने बैंक प्रबंधन की साख को पूरी तरह मटियामेट कर दिया है। इस पूरे घोटाले की कार्यप्रणाली हैरान करने वाली है। शातिर बैंक कर्मियों ने ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए ▶▶| शेष पेज 13पर



### 11 लाख कराए थे जमा

नगर पंचायत कुरा निवासी शेष नारायण देवांगन को आईडीबीआई बैंक में जमा अपनी गाढ़ी कमाई अब संकट में नजर आ रही है। देवांगन ने अपने बच्चों की उच्च शिक्षा और उनके सुखद भविष्य के साथ-साथ विवाह की जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प के साथ 11 लाख की भारी-भरकम राशि बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा की थी। हालांकि, बैंक में सामने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गाढ़ी कमाई कराई थी जमा

नगर पंचायत कुरा में ही आईडीबीआई बैंक में हुए कथित घोटाले ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया है। स्थानीय निवासी रामनारायण गुप्ता ने अपने जीवन भर की गाढ़ी कमाई से जोड़कर रखे 4,50,000 रुपये बैंक में जमा किए थे, ताकि वे अपने बच्चों का भविष्य संवार सकें और उनकी उच्च शिक्षा ▶▶| शेष पेज 13 पर





### ठगा महसूस कर रहे गोवर्धन और शकुंतला

ग्राम पंचायत अकोली मांढर निवासी गोवर्धन दीवान और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला दिवान, जिन्होंने अपने जीवन की संध्या के लिए पाई-पाई जोड़कर 8,70,000 रुपये की बड़ी धनराशि आईडीबीआई बैंक में सुरक्षित रखी थी, आज बैंक की कथित धोखाधड़ी और गबन का शिकार होकर दर-दर भटकने को मजबूर हैं। जिस उम्र में अपनों के साथ और आर्थिक ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सपनों को ग्रहण

ग्राम पंचायत सिलतरा के निवासी युवा व्यवसायी नरेन्द्र वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मनीषा वर्मा ने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सुखद जीवन की परिकल्पना करते हुए अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई के 40 लाख रुपये आईडीबीआई बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में सुरक्षित किए थे। एक जागरूक माता-पिता के ▶▶| शेष पेज 13 पर





### मेहनत की पूंजी फंसी, न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित

आईडीबीआई बैंक घोटाले में अब निवेशकों का दर्द छलकने लगा है। ग्राम पंचायत चरोदा निवासी प्रहलाद निर्मलकर ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन की गाढ़ी कमाई से 2 लाख रुपये बैंक में जमा किए थे, लेकिन अब वे पाई-पाई के लिए मोहताज हो रहे हैं। अपनी मेहनत की रकम वापस पाने की आस में प्रहलाद पिछले कई दिनों से ▶▶| शेष पेज 13 पर

### दस्तावेज खंगाले जा रहे

आईडीबीआई बैंक की चरौदा शाखा में गबन की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है, जिन्होंने ग्राहकों के ब्लैंक चेक का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। वर्तमान में बैंक के रिकॉर्ड्स को खंगाला जा रहा है और संलिप्त अन्य उच्च अधिकारियों की भूमिका की भी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जल्द ही इस पूरे वित्तीय घोटाले की परतें खोलकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

-**श्री राजेन्द्र दीवान**, थाना प्रभारी धरसींवा



## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण की कथा आज से होगी

**अभनपुर।** नगर के ऊपर पारा मोहल्ला स्थित दुर्गा मंच में श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 24 से 31 मार्च तक होगा। कार्यक्रम हल्ला वासियों एवं वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के पार्षद रूप नारायण साहू तथा श्रीमती मीना साहू के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति के घासु राम साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कथा का शुभारंभ 24 मार्च, को चचुला विन्दुक कथा के साथ होगा। कथा के व्यास पीठ पर वृंदावन से पधारे परम पूज्य पंडित श्री रामनाथ तिवारी जी विराजमान रहेंगे, जो प्रतिदिन श्रद्धालुओं को शिव महापुराण एवं भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

### उल्लास महापरीक्षा 17 केंद्रों में 1300 ने दी

**सिलयारी।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन जिला रायपुर के विकासखंड धरसीवां में डॉ गौरव कुमार सिंह कलेक्टर व अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विकासखंड में कुल 17 परीक्षा केन्द्रों में 1300 परीक्षार्थी आकलन परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केंद्र शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा में एडल्ट एजुकेशन ब्यूरो की सुश्री सुनीता सिंह, सीनियर कंसल्टेंट शिक्षा मंत्रालय, स्वाति दास, सहायक संचालक राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़, मुकुंद साहू डाइट रायपुर व डॉ कामिनी बावनकर जिला परियोजना अधिकारी रायपुर ने उपस्थित होकर संचालित परीक्षा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच रघुनाथ साहू, उपसरपंच उमेश कुमार, नोडल अधिकारी अरुण देवांगन, संकुल समन्वयक चंद्रकांत कन्नौजे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### तोड़गांव में तीन दिनी रामायण आज से

**आरंग।** ग्राम तोड़गांव (गोढ़ी, चंदखुरी कौशिल्याधाम) में 24 मार्च से प्रारंभ त्रि-दिवसीय रामायण समारोह का समापन 27 मार्च को होगा। आयोजन में क्षेत्र की विभिन्न रामायण मंडलियां भाग लेंगी और भक्ति गीतों एवं रामायण पाठ से वातावरण भक्तिमय बनेगा। डॉ. गणेश पैकरा ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक टोली को सम्मान स्वरूप 2305 रुपये एवं श्रीफल ग्रामवासियों की ओर से प्रदान किए जाएंगे। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### गौ सम्मान अभियान 27 को तैयारी जोरों पर

**आरंग।** 27 अप्रैल को "गो सम्मान आह्वान अभियान" के तहत पूरे देश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी जोरों पर है। गौ सेवक नगर सहित गांव-गांव में पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाने हेतु आमंत्रण पत्र भेंट कर अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में धर्म नगरी आरंग में भी गौ सेवकों द्वारा 27 अप्रैल को कुमारेश्वर महादेव मंदिर से बाजे-गाजे के साथ गौ माता के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही है, जिसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## निधन

### मिथला गुप्ता

**आरंग।** स्थानीय गुप्ता पारा निवासी मिथला गुप्ता 93 वर्ष का निधन हो



गया। अंतिम संस्कार रानीसासगर मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम कार्यक्रम में परिवार समाज सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। वे मदन गुप्ता एवं गोपी (छूल्लू) गुप्ता की माता तथा बब्बू गुप्ता की दादी थीं।

### कमल नारायण साहू

**आरंग।** सुरभि विहार कॉलोनी मचेवा



निवासी 60 वर्षीय कमलनारायण साहू का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे कुंती साहू के पति, खिलेन्द्र व गजेंद्र साहू के पिता थे।

---

**पर्व : बंजारी माता खपरी मढ़ी शक्तिपीठ में पंचमी पर माता का भव्य श्रृंगार**

# पंचमी पर स्कंदमाता की पूजा करने लगी रही भक्तों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन, सोमवार को पंचमी तिथि पर, तिल्दा के माता मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर माँ दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप का पूजन किया गया। विशेष रूप से, नेवरा स्थित माँ महामाय मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं।महामाया मंदिर की अपनी विशिष्ट पहचान है।पंचमी के दिन मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने माँ के चरणों में नारियल, चुनरी और पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं।

महामाया प्राचीन मंदिर के साथ तिल्दा मावली माता मंदिर में भी उत्सव का माहौल देखा गया।भैरवगढ़ माता मंदिर,माँ बंजारी माता खपरी मढ़ी शक्तिपीठ मेंपंचमी पर माता का भव्य श्रृंगार हुआ। मंदिरों में भक्तों ने पीली वस्तुओं, पीले फूलों और केले का भोग लगाकर मां की आराधना की। साथ ही विशेष अनुष्ठान आयोजित किए गए ।मढ़ी बंजारी माता का दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।सेशन चौक देवी मंदिर को भी भव्य रूप से सजाया गया है, जहां शाम की महाआरती विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

नवरात्रि के दौरान शक्ति के साथ-साथ शिव और राम भक्त हनुमान की पूजा का भी विशेष महत्व माना जाता है।विद्वानों के अनुसार, पंचमी के दिन स्कंदमाता की पूजा से मोक्ष और ज्ञान की प्राप्ति होती है। नवरात्रि के दौरान शक्तिपीठों के दर्शन करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। पंचमी के अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर उन्हें भोज कराया ।शाम को मंदिरों में छप्पन भोग का प्रसाद बांटा गया । कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में हलवा और केले के फल भी बाटे.। कल बुधवार को सप्तमी मनाई जाएगी और ज्योत जवारा में ध्वजा लगाई जाएगी, गुरुवार को अष्टमी का हवन होगा ।

---

# शहीद हेमू कालानी जयंती केक काटकर मिठाई बांटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा में सोमवार को अमर शहीद हेमू कालानी की 103वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर हेमू कालानी चौक पर स्थापित प्रतिमा पर पार्षद द्वय राजेश कोटवानी .किरण छाबडिया. की उपस्थिति में मणिक कोदवानी द्वारा केक काटा गया, मिठाई बांटी गई इस दौरान शहीद सुखदेव सिंह, भगतसिंह और राजगुरू को भी श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर राजेश जेठवानी ,जयपाल माधवानी.रोशन आहूजा ,दिलीप गलानी ,नानक छाबडीयाविशेष रूप से उपस्थित थे।

इसके पहले सुबह एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे स्वतंत्रता सेनानी हेमू कालानी का 103वां जन्मदिवस को मनाया गया। इस मौके पर हेमू कलानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सिंधी समाज के प्रमुख छमनलाल खूबचंदानी ,सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी,समाज के कार्यकारी अध्य. मोतीलाल हिंदूजा, खेमचंद विरानी, परमानदबालचांदनी, संजय भोजवानी, कन्हैया हरिरामानी, धनराज खत्री, मोहित खूब चंदानी ,कन्हैया जोतवानी ,सहित पंचायत के अन्य सदस्य और सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

राम पंजवानी ने कहा 19 साल की उम्र में देश के लिए बलिदान देने वाले हेमू कालानी को नही भुलाया जा सकता है ,ऐसे वीर यूवा को हम नमन करते है . मोतीलाल ने हेमू कालानी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कालानी ने स्वराज सेना बनाकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई की योजना बनाई थी। बाद में उन्हें अंग्रेज फौजियों की बारूद से भरी गाड़ी को नष्ट करने की योजना के आरोप में पकड़ लिया गया।

---

# आईडीबीआई बैंक में तालाबंदी कर कांग्रेस ने 3 घंटे तक किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

आईडीबीआई बैंक के फ्राड प्रभावित लोगों द्वारा बैंक में सुबह से तालाबंदी कर बैंक पूरी तरह से बंद कर 3घंटे तक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करते देख थाना प्रभारी धरसीवा द्वारा आज सुबह से बैंक बंद होने के कारण प्रदर्शन को देखते हुए बैंक वाले के कहने पर बैंक के उच्च अधिकारी सहित प्रभावितों सहित सभी को थाने में बुलाकर बात करने का निर्णय लिया। जिसमें बैंक की ओर से क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी पुलिस विभाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष प्रशांत शुक्ला रायपुर की उपस्थिति बैठक हुआ प्लेस मेंट के भी लोगों द्वारा सीधा बचते हुए टाल मटोल करते रहे अंत में दबाव में बैंक जिम्मेदारी लेते हुए अपने उच्च अधिकारियों से संपर्क करके चर्चा करने लगे आज स्पष्ट हो गया कि बैंक जिम्मेदारी लेगे और फ्राड प्रभावित लोगों का पैसा वापिस का निर्णय लिए है लेकिन समय कब वापिस करेंगे लिखित में देने के लिए उच्च अधिकारियों से स्पष्ट समय तय नहीं हो पाने से बैंक के अधिकारी 2 दिन का समय मांगते रहे लिकिन प्रभावित लोगों द्वारा सीधा मना कर दिए और स्पष्ट निर्णय ले लिए कि जब तक रकम वापसी का लिखित में पत्र नहीं मिलेगा बैंक को बंद रखा जाएगा इस निर्णय के आधार पर आज समझौता स्थगित कर चले गए प्रभावित हितग्राही बैंक वाले बैंक चालू करने की मिन्नते करते रहे लेकिन कोई बात नहीं बनी। आज बैंक के रुख के कारण एवं पुलिस विभाग की लचीला पन के कारण प्रदर्शन कर रहे प्रभावित लोगों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। मामले में प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है आज धनेश देवागन,450000 हजार कौशल्या यादव सहित अनेक लोगों की ओर होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता,जब तक लिखित में रकम वापसी का नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा, बैंक बंद रहेगा।

आज के कार्यक्रम में कांग्रेस का विशेष सहयोग रहा प्रदर्शन के रूप में बैंक से लेकर थाना तक समलित हुआ साथ ही थाने में भी दबाव बनाते रहे आज के प्रदर्शन मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा,पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा,सरपंच साहिल खान, इजराइल खान , राजा भैया , शुभम गोयल, पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल , सुधांशु वर्मा,लक्की साहू,मनीषा साहू,रानी यादव,सहित प्रभावित लोगों की शत प्रतिशत उपस्थिति रही साथ ही प्रभावितों के परिवार भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---



# शनि मंदिर में 52 नवग्रह ज्योतिकलश स्थापित

**आरंग।** नवा रायपुर स्थित पलौद के शनि मंदिर में आस्था और श्रद्धा का विशेष आयोजन किया गया, जहां नवग्रह ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इस वर्ष कुल 52 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए, जो प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं द्वारा जलाए जाते हैं।

मंदिर के पुजारी राकेश तिवारी ने बताया कि मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्योति प्रज्वलित की गई। मान्यता है कि यहां नवग्रह की पूजा और ज्योति कलश जलाने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। पूरे दिन मंदिर में भक्तों की भीड़ बनी रही और भक्ति का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने नवग्रह पूजा कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी राकेश तिवारी ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और हर साल श्रद्धा के साथ इसका आयोजन किया जाता है।

---

# भक्तमाल की कथा में रामजन्म का प्रसंग सुनाया



**आरंग।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर ग्राम रीवा के चंडी मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय भक्तमाल सियाराम कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। ग्राम के सरपंच घसियाराम साहू ने बताया कि प्रतिदिन कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। साथ ही माता चंडिका से आशीर्वाद लेकर प्रज्वलित 463 मनोकामना दीप का दर्शन लाभ ले रहे हैं। वहीं वृंदावन से पहुंची कथा वाचिका डॉ. सरोज मृणाल बृजवासी दीदी हरिदासी ने सोमवार को तृतीय दिवस राम जन्म की संगीतमय कथा का श्रवण कराया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु राम भक्ति में लीन नजर आए। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों, ग्रामीणों, आसपास के गांव से पहुंचे श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

---

# महिला समूहों ने संभाली नशा मुक्ति अभियान की कमान

**सिलयारी।** नशा मुक्त समाज और समृद्ध प्रदेश की संकल्पना को साकार करने की दिशा में नगर पंचायत खरोरा में महिलाओं द्वारा एक प्रभावी मुहिम चलाई जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत खरोरा के प्रत्येक वार्ड में गठित महिला समूहों ने जो सक्रियता दिखाई है, उससे क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान करने वालों में हड़कंप मच गया है। अभियान की सफलता और महिलाओं का साहस को देखते हुए विधायक अनुज शर्मा ने इन कर्मठ महिलाओं के साथ भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त समाज ही समृद्ध प्रदेश की नींव है। खरोरा की महिलाओं ने जिस साहस और सजगता के साथ नशामुक्ति के इस अभियान को अपनाया है, वह अत्यंत सराहनीय है। यह अभियान केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रतीक है। चुनाव के दौरान मैंने क्षेत्र की जनता से अवैध शराब पर पूर्णतः रोक लगाने का वादा किया था। आज महिला समूहों की सजगता से यह वादा हकीकत में बदलता दिख रहा है।किसी भी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए नारी शक्ति का सहयोग अनिवार्य है।

---

# जल संकट से निपटने बांध से पानी छोड़ें : साहू

**अभनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता धनेंद्र साहू ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते जल संकट को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में स्थित तालाब लगातार बढ़ती गर्मी के चलते तेजी से सूख रहे हैं, वहीं बोरवेल का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। उन्होंने कहा कि मार्च माह से ही ग्रामीणों के सामने निस्तारी, पेयजल और दैनिक उपयोग के लिए



पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले महीनों में स्थिति और भी विकराल हो सकती है। इसका सीधा असर आमजन के जीवन और पशुधन पर पड़ेगा तथा ग्रामीणों को पानी के लिए दूर-दराज तक भटकना पड़ेगा। धनेंद्र साहू ने वर्तमान हालात को देखते हुए शासन से मांग की है कि गंगरेल बांध से महानदी की मुख्य नहर में शीघ्र पानी छोड़ा जाए, ताकि सूखते तालाबों को पुनः भरा जा सके। उन्होंने कहा कि इससे जलस्तर में सुधार होगा और अप्रैल, मई एवं जून माह में संभावित पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

---

# महिला मंडली ने जसगीतों की दी प्रस्तुति...



**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित श्री सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्रि का शानदार आयोजन किया गया है। इस अवसर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ भी आयोजित किया गया है। रविवार की शाम को बसंती मानिकपुरी और शीला तिवारी द्वारा माता जसगीतों की प्रस्तुति दी। जिसमे पुजारी घनश्याम दास वैष्णव, गंगा यादव, नीलकंठ सारथी, दीनदयाला साहू, राजकुमार धीवर, मंदिर समिति अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमानाथ निषाद रामचरन पटेल, बाबूलाल साहू का योगदान रहा।

---

# डॉ. रमन सिंह से की नपा अध्यक्ष डॉ.जैन ने भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग।



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने शंकर नगर स्थित उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर कुशलक्षेम जाना। मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न समसामयिक विषयों एवं क्षेत्रीय विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बताया गया कि इस दौरान डॉ. संदीप जैन ने अपने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, अधोसंरचना से जुड़ी आवश्यकताओं तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। वहीं डॉ. रमन सिंह ने जनप्रतिनिधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही जनसेवा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, जनसहभागिता एवं निरंतर संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। मुलाकात के दौरान प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। इस अवसर को क्षेत्रीय विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, वहीं इसे शिष्टाचार भेंट के साथ-साथ मार्गदर्शन प्राप्त करने की दृष्टि से भी देखा जा रहा है।

---

### छत्तीसगढ़ बना नशे का गढ़ सरकार मूक : डॉ. डहरिया

**आरंग।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र में दूसरी बार अफीम की अवैध खेती का मामला सामने आना प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस मुद्दे पर पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अब बेलगाम हो चुका है और सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि एक ही जिले में बार-बार अफीम की खेती का खुलासा होना इस बात का प्रमाण है कि प्रशासनिक निगरानी पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरकार की नाक के नीचे नशे की खेती फल-फूल रही है, यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक स्थिति है। डॉ डहरिया ने आगे आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों और अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। यदि सरकार गंभीर होती, तो पहली घटना के बाद ही सख्त कार्रवाई होती और दूसरी घटना सामने नहीं आती।

---

# उल्लास साक्षरता परीक्षा, 30 केंद्रों में एक हजार ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देश एवं कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड अभनपुर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान ( एफएलएनएटी) मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत लगभग 30 परीक्षा केंद्रों में करीब 1 हजार परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शासकीय प्राथमिक शाला सारखी में 75 वर्षीय पुनई बाई ने अपनी बहुओं अहिल्या उम्र 40 वर्ष और धनेश्वरी उम्र 34 वर्ष के साथ परीक्षा दी। वहीं चम्पाझर में 75 वर्षीय मणिराम निषाद और देवारभांठा में 83 वर्षीय इतवारी पाल सहित अन्य बुजुर्गों ने भाग लेकर यह संदेश दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। कई केंद्रों पर परिवार के सदस्य एक साथ परीक्षा देते नजर आए। स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर शिक्षार्थियों को आमंत्रित किया गया, उन्हें पर्ची, पीला चावल देकर तथा फूल व तिलक से स्वागत कर परीक्षा केंद्र तक लाया गया। कई स्थानों पर रंगोली से भी स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) रायपुर से उपप्राचार्य संगीता यादव, व्याख्याता गार्गी चौधरी एवं नीलकमल यादव ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अभियान की सफलता पर डीईओ हिमांशु भारतीय, डीपीओ डॉ. कामिनी बावनकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू तथा बीआरसीसी राकेश कुमार साहू ने बधाई प्रेषित की। अभियान को सफल बनाने में नोडल अधिकारी हेमन्त कुमार साहू, सहायक नोडल दीपक ध्रुवंशी, विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक, प्रधानपाठक, शिक्षक, स्वयंसेवी शिक्षक एवं बिहान महिला समूह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रशासनिक अधिकारियों की कमी से जूझ रहा छत्तीसगढ़, आईएएस के 29 और आईपीएस के 19 पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन वर्तमान में अधिकारियों की भारी कमी से जूझ रहा है, जिसके कारण आईएएस के 29 और आईपीएस के 19 महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं। राज्य के 21 वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, जिससे मंत्रालय से लेकर जिलों तक कामकाज का अतिरिक्त बोझ बढ़ा है। अफसरों की कमी के कारण कई वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ कई विभागों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में देर होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी केंद्र सरकार में नीति निर्माण, आंतरिक सुरक्षा और निवेश जैसे अहम क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। इनमें अमित अग्रवाल, निधि छिब्बर, डॉ. प्रियंका शुक्ला और एस हरीश जैसे नाम शामिल हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद एक दर्जन से अधिक अफसर प्रतिनियुक्ति में गए हैं। हाल ही में 2016 बैच के आईएएस रवि मित्तल को पीएमओ में उप सचिव के रूप में नियुक्त किया जाना शामिल है। अफसरों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति आमतौर पर 5 वर्ष की होती है, जिसे विशेष परिस्थितियों में 7 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। ज्वाइंट सेक्रेटरी या एडिशनल सेक्रेटरी जैसे उच्च पदों पर अनुभव प्राप्त करने के लिए अधिकारी केंद्र में जाते हैं।

**अधिकारियों को कई विभागों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही**




### वर्तमान स्थिति

छत्तीसगढ़ में आईएएसस के कुल 202 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 173 अफसर ही तैनात हैं। इनमें 128 अधिकारी सीधी भर्ती तथा 47 अधिकारी पदोन्नत होकर नियुक्त हैं। कार्यरत अधिकारियों में 21 केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तथा 1 अधिकारी संवर्गीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। इसी तरह, आईपीएस के 153 पदों के मुकाबले केवल 134 अधिकारी ही कार्यरत हैं।

### 30 अफसर बने चुनाव पर्यवेक्षक

पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुदुचेरी के विधानसभा चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ से 30 और अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने 25 आईएएस और 5 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को इस जिम्मेदारी के लिए नियुक्त किया है। जो एक माह अन्य राज्यों में चुनाव तक व्यस्त रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### शहीद भगत सिंह को किया नमन, दी पुष्पांजलि

**रायपुर।** राजधानी में शहीद भगतसिंह के शहादत दिवस पर नगर निगम के संस्कृति विभाग ने आदरांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर शंकर नगर के एसआरपी चौक किनारे स्थित प्रतिमा स्थल पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही शहादत दिवस पर शहीद भगत सिंह के जीवन प्रसंगों की चर्चा करते हुए उनका नमन किया गया।

### रोपवे हादसे की जांच करने कांग्रेस ने की समिति गठित

**रायपुर।** महासमुंद जिले के बागबाहरा स्थित खल्लारी माता मंदिर में हुए रोपवे हादसे की जांच के लिए कांग्रेस ने समिति गठित कर दी है। इस हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की जांच समिति ने 6 सदस्यों को शामिल किया है। विधायक द्वारिकाधीश यादव को समिति का संयोजक बनाया गया है। समिति के संयोजक विधायक द्वारिकाधीश यादव को बनाया गया है। अन्य सदस्यों में सराईपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व प्रभारी महामंत्री पीसीसी अमरजीत चावला, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष केशव चंद्राकर को शामिल किया गया है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 27 तक

**रायपुर।** जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कॉलेज स्तर) के आवेदन के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। पूर्व में 23 मार्च तक आवेदन मंगाए गए थे, लेकिन अब इसमें वृद्धि कर इसे 27 मार्च कर दिया गया है। जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित वेबसाइट http://postmatric-scholarship. cg.nic.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बौद्धिक संपदा का पेटेंट है आवश्यक



**रायपुर।** रविवि परिसर स्थित एमएल श्रॉफ हॉल में बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधित बुनियादी तथ्यों पर आधारित विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। आईपीआर सेल की अध्यक्ष स्वर्णलता सराफ ने शैक्षणिक शोध में नवाचार और बौद्धिक संपदा संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में एनआईटी के डॉ.सुभोजीत घोष ने पेटेंट, बौद्धिक संपदा अधिकारों तथा शोध परिणामों के व्यावसायीकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आईपीआर सेल के सदस्य एलएस गजपाल, एसोसिएट प्रोफेसर राजेंद्र जांगड़े, संजय कुमार भी उपस्थित रहे।

**भौतिक सत्यापन के बाद स्वीकृत 115 मकानों के निर्माण पर एनआरडीए ने लगाई रोक**

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी गड़बड़ी, जिस खसरा नंबर की जमीनों पर आवास स्वीकृत, वह एनआरडीए की निकली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नवा रायपुर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 115 आवासों को स्वीकृति देने के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। ग्रामों में आवेदनों के आधार पर जिस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराने के लिए स्वीकृति दी गई है, वह जमीन शासकीय निकली, जिसे शासन पहले ही एनआरडीए को हस्तांतरित कर चुका है। इसके बाद भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन जमीनों पर 115 लोगों को आवास बनाने की अनुमति दे दी गई है।

इसका खुलासा तब हुआ, जब एनआरडीए ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए स्वीकृत जमीनों के खसरा नंबरों का भौतिक सत्यापन कराया। इसमें यह सभी जमीन उसके अधीन पाई गई है। इसके मद्देनजर एनआरडीए ने उक्त आवासों के निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने से संबंधी आदेश जारी किया है। एनआरडीए के इस आदेश के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण करा रहे लोगों की चिंता बढ़ गई है कि उनके खुद के मकान का सपना पूरा हो पाएगा या नहीं।

### आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में स्वीकृत किए गए थे आवास

एनआरडीए द्वारा एसडीएम अभनपुर को जारी किए गए पत्र के अनुसार अभनपुर तहसील अंतर्गत भेलवाडीह, बेंदरी, केंद्री, चेरिया, बंजारी, उपरवारा, पचेड़ा एवं झांकी गांव में रहने वाले 115 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए वित्तीय वर्ष 2025 में आवेदन किया था। इन आवेदनों के आधार पर लोगों की पात्रता के साथ जमीन की जांच भी की गई थी, क्योंकि इस योजना का लाभ वे ही लोग ले सकते हैं, जिनके खुद के नाम या परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर जमीन हो। इस पात्रता को देखते हुए ही 115 लोगों को आवास योजना का लाभ देने आवास स्वीकृत किए गए थे।

### एक किस्त जारी, निर्माण कार्य अधूरा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत किए गए 115 लोगों में कईयों को पहली किस्त भी जारी हो चुकी हैं। किस्त की राशि मिलने के बाद लोगों ने मकान का निर्माण कराना भी शुरू कर दिए हैं। कई लोग तो पहली किस्त के अनुसार आवास निर्माण का कार्य भी पूरा करा चुके हैं। ये लोग अब दूसरी किस्त जारी होने का इंतजार कर रहे हैं।

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### एनआरडीए ने एसडीएम को पत्र लिखकर आवास निर्माण पर रोक लगाने दिए निर्देश

*एनआरडीए ने इस संबंध में जिला प्रशासन और एसडीएम अभनपुर को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से कहा गया है कि जिस जमीन पर 115 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत है वह जमीन शासन से एनआरडीए को हस्तांतरित है। इन जमीनों पर भविष्य में योजना एवं विकास कार्य होने हैं, इसलिए आवास बनाने संबंधी स्वीकृति नहीं दी जा सकती है।*

### जनपद पंचायतों को सूचना दे दी गई

पत्र के अनुसार जनपद पंचायतों को सूचना दे दी गई है, कि जिस 115 खसरा नंबर भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने की अनुमति दी गई है, वह शासकीय जमीन एनआरडीए को हस्तांतरित है। इसमें जनपद पंचायतों की गलती है। आवास स्वीकृति दिलाने से पहले जमीन का परीक्षण कराना था।

\- रवि सिंह, एसडीएम अभनपुर

### कई ग्रामीण अपनी जमा पूंजी भी आवास में लगा चुके

पहली किस्त जारी होने के बाद लोगों को उम्मीद थी, कि आज नहीं आगामी दिनों दूसरी किस्त के बाद तीसरी और चौथी किस्त भी जारी होगी। इन किस्तों की उम्मीद में कई लोग अपनी जमा पूंजी को आवास तेजी से पूरा करने में लगा दिए हैं, जिसके कारण ये लोग सबसे अधिक चिंतित हैं।

### भौतिक सत्यापन में जमीनें एनआरडीए की पाई गईं

पहली किस्त जारी होने के बाद अब इन सभी ग्रामों में एनआरडीए ने पटवारियों के माध्यम से दोबारा भौतिक सत्यापन कराया है। इस सत्यापन में पाया गया कि 115 लोगों के आवास जिस खसरा नंबर की जमीन पर निर्माण करने स्वीकृत किया था वह जमीन एनआरडीए की है।

## असम में भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री साव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव धेमाजी में भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल हुए। इसके बाद धेमाजी विधानसभा, सिसिबोरगांव विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ रनोज पेगू एवं जीवन गोगोई ने नामांकन दाखिल किया।

नामांकन रैली में श्री साव ने कहा, भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशियों के समर्थन में उमड़ा यह अपार जनसमर्थन आगामी चुनाव परिणामों का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा, डबल इंजन सरकार के प्रभावी नेतृत्व में असम ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और जनता इस विकास यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में एक बार फिर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा सरकार का गठन होगा। श्री साव ने असम विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर पिछले तीन दिनों में धेमाजी, ढकुआखाना, लखीमपुर, रोंगोनदी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें की।

साथ ही नाओबोइचा विधानसभा में एनडीए के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) के प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया। बैठक में स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और जनसंपर्क अभियान को तेज कर संगठन को सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया।

**भाजपा बोली**

## नशे के अवैध कारोबार से जुड़े कांग्रेसी ही नशे के नाम पर कर रहे सियासत





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नशे के अवैध कारोबार को किस तरह से छत्तीसगढ़ में फैलाया था, वह किसी से छिपा नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अवैध शराब की बिक्री को लेकर पूरे देश दुनिया में प्रसिद्ध हैं और जब यह कारोबार छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर फैल रहा था उस समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी मौन थे। अब जब पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है, तब कांग्रेसी नेता बेबुनियाद सियासत करके अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं और उनके मनोबल को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। श्री मिश्रा ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नशे के खिलाफ प्रदेश व्यापी अभियान चलाने का लगातार निर्देश दे रहे हैं। यही कारण है कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई हो रही है और कांग्रेस के लोगों को यह रास नहीं आ रही है।

कांग्रेसी लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस विषय पर भ्रम फैलाने में लगे हुई हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश के वातावरण को फिर से शांतिपूर्ण बनाने के लिए प्रदेश की साय सरकार हर संभव प्रयास कर रही है और नशे के कारोबार से जुड़े असमाजिक तत्वों को सलाखों के पीछे भेज रही है। 2018 से 2023 तक पूर्व की कांग्रेस सरकार में मिले छूट एवं संरक्षण का लाभ लेते हुए नशे से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ की छवि को खराब करने का काम करते रहे।

**कलेक्टर को ज्ञापन**

## मढ़ी बंजारी के जंगल को उजाड़ने की तैयारी, कांग्रेस करेगी आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

माना-तूता जंगल में पेड़ों की कटाई के खिलाफ चल रहे जनआंदोलन के बाद अब जिला कांग्रेस कमेटी ने मढ़ी बंजारी क्षेत्र के जंगल को बचाने के लिए एक नया आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। आगामी दिनों में इस मुद्दे पर बड़े स्तर पर जन-जागरण, धरना-प्रदर्शन एवं अन्य लोकतांत्रिक आंदोलनकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी पर्यावरण संरक्षण के इस संघर्ष में सभी पर्यावरण प्रेमियों, ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों से समर्थन की अपील करती है।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष अश्विनी वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा उद्योगपतियों के लाभ के लिए मढ़ी बंजारी के घने जंगल में 18 एकड़ में बिजली सब-स्टेशन बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जाने वाले हैं। यह पर्यावरण तथा स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका, जल-जंगल-जमीन और जैव-विविधता पर गहरा प्रभाव डालेगा।

ओबीसी कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल, ग्राम मढ़ी के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप पाठक ग्राम मढ़ी के ग्राम सभा अध्यक्ष शेखर पाल, पच उमेश साहू, सन्नी शर्मा, प्रदीप साहू, कमलेश साहू, रूपेंद्र साहू, वेदराम ध्रुव, शशि वर्मा ने कलेक्टर गौरव सिंह से मुलाकात की और एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि उद्योगपतियों के निजी लाभ के लिए जंगल काटकर बिजली सब-स्टेशन बनाने की प्रस्तावित योजना को तत्काल रोका जाए।

## कई जिलों में अब तक नहीं बनी कांग्रेस जिलाध्यक्षों की कार्यकारिणी

### कार्यकारिणी में देर से स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को तीन माह से अधिक बीत चुके हैं। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कार्यकारिणी का गठन कुछ जिलों में ही हो पाया है। कई जिलों में अब तक नई कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। जिलों के बाद मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन होना है। कांग्रेस संगठन के एक दर्जन जिलाध्यक्षों ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी गठन से पहले ब्लॉक, बूथ और मंडल स्तर पर अध्यक्षों की घोषणा पूरी होने के बाद सभी की बैठक लेकर आपसी समन्वय से कार्यकारिणी तय की जानी है। अब कई जिलों में पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी बनाने पर विचार चल रहा है। जिला अध्यक्षों को दिल्ली में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था, उसके बाद उन्हें 10 दिन का प्रशिक्षण देना था, जो अब तक नहीं हो पाया है। इसके चलते जिला अध्यक्ष अब तक काम ही शुरू नहीं कर पाए हैं। शहरी इलाकों में जिला अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर राज्य सरकार और स्थानीय सत्ता के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। जो सीधे तौर पर संगठन को मजबूत करने के प्रयासों को सीधे तौर पर शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे में उनका परफार्मेंस का आंकलन सीधे तौर पर नहीं गिना जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 28 नवंबर को छत्तीसगढ़ के 41 संगठन जिलों के लिए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हुई थी। उन्हें संगठन सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बूथ मैनेजमेंट है, इसी के आधार पर उनके काम का मूल्यांकन किया जाना है।




### देर के कारण स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी, अधिकांश जिलों में जिला कार्यकारिणी का गठन अभी तक नहीं हो पाया है। केवल कुछ जिलों में ही कार्यकारणी बन पाई है। देरी के कारण स्थानीय कार्यकर्ताओं में असंतोष की स्थिति बन रही है और संगठनात्मक गतिविधियों की रफ्तार सुस्त हो गई है। आने वाले समय में नगरीय निकायों के उप चुनाव होने हैं उसमें जिला संगठन के लोगों को ही मोर्चा संभालना है।

### जातीय-क्षेत्रीय समीकरण संतुलन बनाने का प्रयास

जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक दर्जन जिलों में ही हो पाई है। अधिकांश जिलों में अभी भी केवल जिलाध्यक्ष ही कार्य कर रहे हैं और पूरी टीम का इंतजार है। देरी के पीछे कुछ मुख्य वजह गुटबाजी और बड़े नेताओं के बीच अपने समर्थकों को कार्यकारिणी में जगह दिलाने की होड़ को एक मुख्य कारण माना जा रहा है। जातीय और क्षेत्रीय समीकरण में संतुलन बनाने को लेकर भी इसमें देर हो रही है।

**बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं आम नागरिक हुए शामिल**

# शहीद दिवस पर कांग्रेसियों ने निकाली प्रभात फेरी, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहीद दिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में आज सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी आंबेडकर प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर शंकर नगर स्थित भगत सिंह चौक तक निकाली गई।

प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं आम नागरिक शामिल हुए। इस दौरान देशभक्ति के नारों के साथ शहीदों के बलिदान को याद किया गया। भगत सिंह चौक पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, शहीदों का बलिदान देश के लिए अमूल्य है और उनकी कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपनाते हुए देश के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही शहीद हेमू कलानी की जयंती के अवसर पर उनके बलिदान को स्मरण किया गया।

### ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, डॉ राकेश गुप्ता, राकेश धोत्रे, रितेश त्रिपाठी, देवेंद्र यादव, श्रीनिवास, डॉ अनुराम साहू, जलकुमार मसंद, मुन्ना मिश्रा, महेंद्र कुमार सेन, सुजीत सिंह, मिलिंद गौतम, विनोद ठाकुर, ओम श्रीवास, कमल धृतलहरे, हीरेंद्र देवांगन, देवकुमार साहू, विजय टंडन, सुयश शर्मा, किशन बजारी, दीपक चौबे, राज देवांगन, संदीप शर्मा, संजय सोनी, विजय राजू यादव, नवीन शर्मा, आकाश दीवान, वेंकट कुमार, सुनील कुमार साहू, मोहम्मद राशिद, दानी साहू, उमेश साहनी, महादेव अग्रवाल, रोशन श्रीवास, अमीर भाई, जयप्रकाश साहू, आदि उपस्थित थे।

## शहीद हेमू कालाणी की जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हेमू कालाणी समिति द्वारा सोमवार को अमर शहीद हेमू कालाणी की 103वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अमर शहीद के बलिदान को स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किए तथा देश के महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की शहादत को भी नमन किया। कार्यक्रम में राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के अनेक जनों को आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा महापौर मीनल चौबे एवं सभापति सूर्यकांत राठौड़ से अमर शहीद हेमू कालाणी के नवीन स्थल चौक का अवलोकन कर उसे भव्य एवं सुंदर स्वरूप देने का आग्रह किया गया। साथ ही चौक के विकास के लिए प्रस्तावित नक्शा भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष किशोर आहूजा ने बताया कि इस दौरान "हेमू कालाणी अमर रहे", "भारत माता की जय" एवं "वंदेमातरम" के जोशीले नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। समिति के सदस्यों द्वारा हेमू कालाणी चौक स्थित प्रतिमा को पुष्पमालाओं से सजाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# निगम के राजस्व महकमे को 475 करोड़ राजस्व वसूली का टारगेट, अब तक 50 फीसदी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस बार राजस्व महकमे को 475 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट दिया है। अब तक नगर निगम का राजस्व विभाग दस जोन के 70 वार्डों से 50 फीसदी ही बकाया कर की राशि वसूल कर पाया है। आने वाले दस दिनों में बाकी के 50 फीसदी राजस्व की वसूली करना महकमे के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नगर निगम का फोकस अब बड़े बकायादारों पर है। गत दिनों राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त ने निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली वाले तीन जोन कमिश्नरी को इसके लिए नोटिस जारी कर राजस्व वसूली तेज करने निर्देश दिए थे। इनमें जोन 8, जोन 9 और जोन 10 कमिश्नरी शामिल है।

■ बड़े बकायादारों पर निगम का फोकस

## 31 मार्च के बाद संपत्ति कर भुगतान पर 17 फीसदी की लगेगी पेनाल्टी

### 100 बड़े बकायादारों की सूची अब तक सार्वजनिक नहीं

निगम आयुक्त विश्वदीप और महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर राजस्व विभाग को निगम के दस जोन के 100 बड़े बकायादार के नामों को सूचीबद्ध करते हुए उनके नाम सार्वजनिक करने संबंधी निर्देश जारी हुए थे। यानी हर जोन में 10 बड़े बकायादारों को चिन्हांकित उनसे बकाया राजस्व वसूली की जानी थी। पर इनमें से एक भी जोन ने अब तक अपने 10 बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक नही कर पाए। वहीं बड़े बकायादारों से बकाया कर का भुगतान नहीं करने की स्थिति में संबंधित संस्थान को सीलबंद करने हिदायत दी गई। राजस्व विभाग की उपायुक्त के मुताबिक ऐसे बड़े बकायादार जिन्होंने नगर निगम को अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया करों का भुगतान नहीं किया हो, उनके प्रापर्टी की सीलिंग होने के बाद यदि वे सील खुलवाने रुचि नहीं लेते, तो संबंधित प्रापर्टी की नीलामी कर संबंधित बड़े बकायादार से बकाया कर की वसूली सुनिश्चित करेगा।




### 31 मार्च तक प्रापर्टी टैक्स जमा करने पर नहीं लगेगी पेनाल्टी

शहर के करदाताओं से 31 मार्च की समय अवधि तक बकाया कर भुगतान किए जाने पर किसी तरह की पेनाल्टी नहीं लगाई जाएगी। पर 31 मार्च के बाद बकाया करों का भुगतान करने वालों करदाताओं से 17 फीसदी पेनाल्टी जोड़कर बकाया कर वसूला जाएगा। प्रापर्टी टैक्स का भुगतान करदाता घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके अलावा नगर निगम द्वारा शहर के 79 स्थानों पर अधिकृत च्वाइस सेंटरों से भी संपत्ति कर का भुगतान ऑनलाइन किया जा सकता है। निगम के चैटबोट पर भी संपत्तिकर भुगतान की सुविधा करदाताओं को दी गई है। इसके अलावा सभी जोन कार्यालयों में राजस्व वसूली के लिए काउंटर की व्यवस्था की गई है।

## खबर संक्षेप



### आयुषी को डिग्री और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

रायपुर। जीआईसीईडी, यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई से मास्टर्स इन इवेंट मैनेजमेंट में शहर की आयुषी पांडेय ने मास्टर्स इन इवेंट मैनेजमेंट में विश्वविद्यालय मेरिट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें आज यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई द्वारा सांताक्रुज मुंबई में आयोजित एक समारोह में सम्मानपूर्वक डिग्री एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में उनकी इस उपलब्धि को विशेष रूप से सराहा गया। आयुषी पांडेय की यह सफलता उनकी मेहनत, समर्पण, प्रतिभा और व्यावसायिक दक्षता का सशक्त प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि को युवा पीढ़ी, विशेषकर इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि को युवा पीढ़ी, विशेषकर इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं परिचितों ने आयुषी पांडेय को इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### ओमप्रकाश मिश्रा



रायपुर। सत्य विहार कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश मिश्रा का 23 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे वरिष्ठ पत्रकार विजय मिश्रा, अजय के बड़े भाई, वैभव मिश्रा व ऋचा शर्मा के पिता तथा आयाम मिश्रा के बड़े पिता थे।

### ओंकारेश्वर तिवारी



रायपुर। ओम सोसाइटी सुंदर नगर निवासी ओंकारेश्वर तिवारी (50) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मार्च को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रामपाल तिवारी के पुत्र थे।

### कुलेश्वर साहू



रायपुर। कोपेडीह (चण्डी), अभनपुर निवासी कुलेश्वर साहू (48) का 23 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्वती साहू के पुत्र, हेमलता के पति, चेतन साहू के भतीजे, सुभाष, नीलमनी के पिता थे।

तीन नोटिस के बाद ठेकेदार ने सड़क निर्माण के लिए लगाई मशीन

# भाठागांव-दतरेंगा मार्ग सड़क डामरीकरण शुरू ट्रैफिक जाम और धूल-मिट्टी से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

भाठागांव रिंग रोड चौक से शीतला चौक दतरेंगा मोड़ तक 11 महीने से उबड़-खाबड़ सड़क में ट्रैफिक जाम और धूल-मिट्टी के गुबार से त्रस्त राजधानी वासियों को अब राहत मिलेगी। आम जनता को खस्ताहाल सड़क से गुजरते समय रोज की किचकिच को देखते हुए हरिभूमि ने अपने 22 मार्च के रायपुर भूमि में भाठागांव दतरेंगा मार्ग अधूरा, नोटिस की अनदेखी, मेयर ने कहा अब भारी पेनाल्टी लगाएंगे शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया, जिसका असर देखने को मिला है। अनुबंधित ठेकेदार ने सोमवार को सड़क डामरीकरण का कार्य मशीन लगाकर शुरू करा दिया है। डामरीकरण के कार्य में लेटलतीफी के कारण स्थानीय रहवासियों और व्यवसायियों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश व्याप्त रहा।

दरअसल, नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव से दतरेंगा टर्निंग पाइंट शीतला चौक तक 1.20 किलोमीटर दायरे की सड़क के निर्माण और डामरीकरण का कार्य 11 माह बीतने के बाद भी आधा-अधूरा बनने से लोग धूल और मिट्टी के गुबार से बेहद परेशान रहे। भाठागांव चौक वाले मार्ग पर सुबह से लेकर देर शाम तक ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कतें रहीं।

सड़क डामरीकरण में लेटलतीफी को लेकर स्थानीय रहवासियों ने चक्का जाम कर जहां निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया, वहीं महापौर मीनल चौबे ने निगम के अधिकारियों के साथ स्थल पर निरीक्षण कर जमकर नाराजगी जताई थी। निगम की ओर से अनुबंधित ठेकेदार को काम की गति में सुधार करने तीन बार नोटिस जारी हुआ।



### 3 करोड़ 96 लाख रुपए का काम 12 महीने की समय सीमा

पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 3 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि में भाठागांव रिंग रोड से दतरेंगा मोड़ तक 1.20 किलोमीटर दायरे के सड़क निर्माण, डामरीकरण, सड़क के दोनों ओर निकास नाली का निर्माण, डिवाइडर बनाना और स्ट्रीट लाइट संबंधी कार्य इसमें शामिल है। कार्य पूरा करने की समय सीमा 12 माह तय की गई। इसमें से 11 माह बीतने के बाद भी सड़क डामरीकरण का काम शुरू नहीं हो पाया था, जन शिकायत और महापौर से मिली फटकार के बाद डामरीकरण कार्य शुरू कराया गया है।

### मशीन लगाई है, काम में आएगी गति

अनुबंधित ठेकेदार ने सड़क डामरीकरण का कार्य शुरू कराने मशीन लगा दी है, इससे अब काम में गति आएगी। लोगों को सुगम आवागमन के लिए चौड़ी सड़क मिलने लगेगी। *- मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम रायपुर*

# मजदूर मौत मामले में अस्पताल प्रबंधन सहित अन्य के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रामकृष्ण केयर अस्पताल के सेप्टिक टैंक में तीन मजदूरों की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद सफाई ठेकेदार सहित एक दर्जन के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। इस बात की पुष्टि रायपुर पश्चिम के डीसीपी संदीप पटेल ने की है। पुलिस अफसर के अनुसार जांच में जो दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया जाएगा।

■ पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित एक दर्जन अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया है अपराध

अस्पताल के सेप्टिक टैंक की सफाई करने 17 मार्च को तीन मजदूर बगैर किसी सुरक्षा के उतरे थे। टैंक में जहरीली गैस लीकेज होने से तीनों मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष हरदीप गिल ने गंभीरता से लेते हुए इसकी जानकारी लेने रायपुर पहुंचे। श्री गिल ने लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि मामले में एससी एसटी एक्ट और मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच करें। बताया जा रहा है, सफाई कर्मचारी आयोग की नाराजगी के बाद पुलिस ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।




### अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज

सफाई कर्मियों की मौत मामले में पुलिस ने अब तक सफाई ठेकेदार किशन सोनी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसके अलावा घटना में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस उनके बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई है। जिन लोगों के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है, उनमें नामजद केवल सफाई ठेकेदार किशन का नाम ही सामने आया है। पुलिस अफसर इस पूरे मामले में पड़ताल करने के बाद अन्य दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

# डेंटिस्ट और सेवानिवृत्त अफसर से ऑनलाइन 38 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना में पेशे से एक डेंटिस्ट तथा सिंचाई विभाग के एक सेवानिवृत्त अफसर ने अज्ञात के खिलाफ साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने डेंटिस्ट को शेयर बाजार में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर 37.50 लाख रुपए ठगी की है। सेवानिवृत्त अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफ पेटीएम अफसर बनकर 70 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है।

पचपेड़ीनाका, आम्रपाली सोसाइटी निवासी डॉ. गुलाबचंद बैज ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। गुलाबचंद ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात लोगों ने उसे टेलीग्राम में मैसेज भेज कर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। डॉक्टर को ग्रुप में जोड़ने के बाद जालसाजों ने उसे शेयर बाजार में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देते हुए शेयर बाजार के बारे में ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर चलाने का झांसा दिया।

■ स्क्रीन शेयर करते ही मोबाइल एक्सेस कर आहरण

डॉक्टर का विश्वास जीतने जालसाजों ने डॉक्टर से एक छोटी राशि शेयर बाजार में निवेश कराकर एक लाख रुपए लौटाए। इसके बाद जालसाजों ने डॉक्टर से अलग-अलग किस्तों में 38.50 लाख रुपए निवेश कराकर ठगी की।

### कस्टमर केयर की आड़ में ठगी

अमलीडीह निवासी रिटायर्ड सिंचाई अधिकारी रवि प्रकाश सोनी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रवि प्रकाश ने पुलिस को बताया है कि पेटीएम वैलेट में फंसे पैसे निकालने के लिए उसने 9 मार्च को गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। सर्च में मिले नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले ने खुद को पेटीएम का कर्मचारी बताया और रवि प्रकाश को व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयर करने को कहा। रवि प्रकाश ने जैसे ही अपने मोबाइल का स्क्रीन शेयर किया, ठग ने सेवानिवृत अफसर के मोबाइल का एक्सेस ले लिया और उनके यूनियन बैंक खाते की जानकारी हासिल कर सेवानिवृत्त अधिकारी के अकाउंट से रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया।

## बिजनेस साइट

# मैट्स विश्वविद्यालयः जीएसटी 2.0 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज़ द्वारा 23–24 मार्च 2026 को 'नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी 2.0: इसके वैश्विक प्रभाव' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन न्यू कन्वेंशन हॉल एवं सर्किट हाउस, सिविल लाइंस में किया गया।




सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भाग लेकर वैश्विक आर्थिक प्रभावों पर गहन विमर्श किया। संयोजक डॉ. उमेश गुप्ता ने स्वागत भाषण में सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव, डीजी प्रियेश पगारिया, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा तथा मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। मंत्री वर्मा ने जीएसटी 2.0 को वैश्विक व्यापार, निवेश और पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण बताया। तकनीकी सत्रों में डॉ. एम.डी. यूसुफ, डॉ. एन.के. राजगोपाल और डॉ. संतोष कुमार वर्मा के व्याख्यान आकर्षण रहे। समापन सत्र में विजय कुमार गोयल एवं प्रो. संजीव पराशर ने विचार रखे। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा अतिथियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

■ वैश्विक प्रभावों पर हुई गहन चर्चा

# उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क मस्तिष्क जांच शिविर कल

रायपुर। प्रदेश में बढ़ रही मस्तिष्क एवं न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के मद्देनज़र उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल भाठागांव द्वारा कल एक दिवसीय निशुल्क ईईजी जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य मस्तिष्क संबंधी रोगों की समय पर पहचान और सटीक उपचार सुनिश्चित करना है। ईईजी (इलेक्ट्रो एन्सेफेलोग्राम) एक सुरक्षित व दर्दरहित जांच प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों का विश्लेषण किया जाता है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। बार-बार सिरदर्द, माइग्रेन, अनिद्रा, डिप्रेशन, मिर्गी, याददाश्त में कमी, चक्कर या बेहोशी जैसी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को विशेष रूप से जांच कराने की सलाह दी गई है। शिविर में आधुनिक उपकरणों से जांच, काउंसलिंग सुविधा और आवश्यकतानुसार आगे के उपचार के लिए मार्गदर्शन भी उपलब्ध रहेगा। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। अस्पताल प्रबंधन ने नागरिकों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

UMH™ आयुष्मान भवः

### हरिभूमि की खबर का असर...

खबर प्रकाशित की थी, जिसका असर यह हुआ कि निगम प्रशासन ने इस गलत एरो वाले होर्डिंग्स को हटवा दिया है।

### बैंक के धोखे ने छीन...

नियमों का हवाला देते हुए उनसे हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक (कोरे चेक) ले लिए थे। भोले-भाले ग्रामीण बैंक के 'नियम' समझकर उन पर भरोसा कर बैठे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि वही चेक उनकी मेहनत की कमाई को लूटने का हथियार बनेंगे। इन्हीं ब्लैंक चेकों के माध्यम से बैंक के भीतर बैठे भेदियों ने दस्तावेजों में हेरफेर की और खाताधारकों की जानकारी के बिना ही करोड़ों रुपयों को ठिकाने लगा दिया। विशेषकर फिक्स्ड डिपॉजिट कराने वाले ग्राहकों को सबसे बड़ा निशाना बनाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए धरसींवा पुलिस ने तत्परता दिखाई है। करीब पखवाड़े भर पहले पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक के दो आरोपित कर्मचारियों जिसमे बैंक सहयोगी कर्मी राजा खूंटे व दुर्गेश शर्मा को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। हालांकि, जांच की सुई केवल इन दो कर्मचारियों तक ही सीमित नहीं है। बैंक के भीतर जिस बड़े स्तर पर यह खेल हुआ है, उससे बैंक मैनेजर सहित कई अन्य उच्चाधिकारियों की भूमिका गंभीर संदेह के घेरे में है। सूत्रों की मानें तो यह दो व्यक्तियों का व्यक्तिगत कृत्य न होकर एक संगठित गिरोह

## पेज 11 के शेष ...

की सोची-समझी साजिश है, जिसे बैंक के सिस्टम की खामियों का लाभ उठाकर अंजाम दिया गया। इस घोटाले की सबसे मार्मिक तस्वीर उन गरीब परिवारों के रूप में सामने आई है, जिन पर आज दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। किसी बुजुर्ग ने अपनी दवा और बुढ़ापे के सहारे के लिए पैसे जमा किए थे, तो किसी पिता ने अपनी लाडली की शादी और बेटे की पढ़ाई के लिए पाई-पाई जोड़कर बैंक को सौंपी थी। आज ये परिवार बैंक की चौखट पर अपनी ही जमापूंजी के लिए भीख मांगने को मजबूर हैं। कई घरों में चूल्हे बुझने की नौबत आ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। विपक्ष का आरोप है कि बैंक मैनेजर की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं था। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ितों को उनकी राशि ब्याज सहित वापस नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। फिलहाल, चरौदा के ग्रामीण आक्रोश और बेबसी के बीच न्याय की राह देख रहे हैं।

### 11 लाख कराए थे...

आए हालिया घोटाले की खबरों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। पीड़ित ने अपनी मेहनत की इस जमा पूंजी को सुरक्षित पाने के लिए गुहार लगाई है।

### गाढ़ी कमाई...

व विवाह की जिम्मेदारियों को बिना किसी बाधा के पूरा कर सकें। लेकिन बैंक घोटाले की खबर मिलते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई है। जिस राशि को उन्होंने अपने बच्चों के बेहतर कल का आधार बनाया था, उसके डूबने की आशंका ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। रामनारायण गुप्ता और उनका परिवार इस समय मानसिक रूप से काफी टूट चुका है और शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहा है ताकि उनकी मेहनत की कमाई वापस मिल सके।

### ठगा महसूस कर रहे...

सुरक्षा की सबसे ज्यादा दरकार होती है, उस उम्र में बैंक के इस रवैये ने न केवल उनकी जमापूंजी छीनी, बल्कि उन्हें बेघर कर उनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। पीड़ित बुजुर्ग दंपति का कहना है कि उन्होंने यह राशि बहुत ही कठिन परिश्रम और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संचित की थी, लेकिन बैंक के भीतर हुई कथित अनियमितताओं और गबन ने उनके सुनहरे भविष्य को अंधकार में झोंक दिया है। गोवर्धन जी की आंखों की लाचारी और शकुंतला जी की बेबसी आज पूरे गांव के लिए चर्चा और दुख का विषय बनी हुई है। प्रशासन और बैंक के चक्कर काट-काटकर थक चुके इस दंपति के पास अब केवल न्याय की उम्मीद बची है।

### सपनों को ग्रहण...

तौर पर उन्होंने यह कदम परिवार की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया था, किंतु वर्तमान परिस्थितियों में यह निवेश उनकी उम्मीदों के विपरीत मानसिक तनाव का कारण बन गया है।

### मेहनत की पूंजी फंसी...

बैंक और पुलिस थाने के चक्कर काट रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि भरोसे के साथ जमा की गई राशि के डूबने से उनका भविष्य अधर में लटक गया है, फिर भी अधिकारियों से उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

### आम सूचना

**(मौजा खुड़मुड़ी, प.ह.नं. 38/10, रा.नि.मं. भिंभौरी, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा स्थित कृषि भूमि के बाबत**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने तरुण कुमार श्रीवास पिता श्री रामसिंह श्रीवास निवासी मकान नं. 6/1424, भारत नगर झंडा चौक, रामनगर, वार्ड नंबर-19, रायपुर एवं श्रीमती झरना पाल पति श्री माधव चंद्रा पाल निवासी एस टी, जोसफ, टाउन, अमलीडीह रायपुर से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा खुड़मुड़ी, प.ह.नं. 38/ 10, रा.नि.मं. भिंभौरी, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 213/2, 214/2, 215/2 एवं 256/2 रकबा क्रमशः 0.0248, 0.0668, 0.4756 एवं 0.6188 हे. अर्थात कुल खसरे 4 (चार) एवं कुल रकबा 1.186 हे., को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रय अनुबंध का निष्पादन करा चुके है, अब केवल प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा वैध एवं शून्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 23.03.2026

भवदीय
शब्बीर भारमल (कपासी), मोईज़ भारमल,
(अधिवक्तागण)
7, पुष्पक अपार्टमेंट, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं. 9827150152, 9691234252

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भवन ई.डब्ल्यू.एस. टाईप-1/107 को श्री नेतराम सोनकर पिता श्री मनहरण लाल सोनकर के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 08.12.2023 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री नेतराम सोनकर पिता श्री मनहरण लाल सोनकर निवासीः- ग्राम- खुड़मुड़ा, तहसील पाटन, जिला- दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री बिन्नी गुप्ता पिता स्व. श्री मनोहर लाल गुप्ता निवासीः- देवेन्द्र नगर, रायपुर तह. एवं जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. टाईप- 1/107, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मयदस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु

**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)**
**न्यायालयः- कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम् व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार प्र.क्र. - 01/2026, प्रो 270/26
पेशी तारीख 30.04.2026

रोशन कुमार जैन ...... आवेदक
**बनाम**
राजकुमार जैन व अन्य ..... अनावेदकगण
**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**

जो कि आवेदक की मृतक पिता/पति स्व. हरिकिशन जैन के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 30.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 13.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया
रायपुर छ.ग.
दिनांक 13.03.2026

मुहर

**कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा**
**षष्ठम् व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

### शपथ पत्र

मैं आशीष कुमार अग्रवाल पिता रामावतार अग्रवाल उम्र 40 वर्ष पता- फ्लैट नंबर 504 बिल्डिंग नंबर 29 अशोका रत्नशंकर नगर, थाना खम्हारडीह जिला रायपुर छ.ग. मो. 8118022777, 9439277450 श्री जगन्नाथ ट्रेडर्स का प्रोपराईटर हूँ जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ, :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मैं बेनी कोल्ड स्टोर में जो कि ग्राम गिरौद रिंग रोड नंबर 03 धरसींवा जिला रायपुर में स्थित है।
3. यह कि मेरे द्वारा महुआ फूल का भंडारण बेनी कोल्ड स्टोर में किया था। जिसकी मूल रसीद मुझे प्रदान की गयी थी जिसका क्रमांक 801/18, और 802/18 दिनांकित 24.08.2025 एवं 30.08.2025 जिसका लॉट नंबर 2497/840 एवं 2502/700 है।
4. यह कि उक्त भंडारण की दोनों मूल प्रति मुझसे कहीं गुम हो गयी है बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिल रही है।
5. यह कि मुझे बेनीकोल्ड स्टोरेज से उक्त भंडारण किये गये माल को मेरे वाहन में लोड किया जावे उक्त मूल पर्ची गुम हो चुकी है। जिसका लॉट नंबर 2497/ 840 एवं 2502/700 है।
6. यह कि भविष्य में कोई इस माल के संबंध में भविष्य में कोई तृतीय व्यक्ति के द्वारा मूल पर्ची प्रस्तुत किया जाता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी होगी।
7. यह कि मैं शपथ देता हूँ कि भविष्य में उक्त संपूर्ण राशि की क्षतिपूर्ती हेतु दायित्वाधीन एवं जिम्मेदार रहूंगा।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूँ कि इस शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 07 के कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है एवं आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
दिनांक 23/03/2026

**शपथकर्ता**

### न्यायालय आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर (छ.ग.)

**राजस्व नोटिस**

रा.अ.प्र.क्र. 202412970100059/ अ-12 / वर्ष 2024-25

प्रति,

1. बबीता अग्रवाल पति श्री सत्यनारायण अग्रवाल, निवासी वार्ड 60 बालांगीर नगर निगम बालांगीर उडीसा, 2. विनोद कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री हरकेश राय अग्रवाल, निवासी समता कालोनी तहसील व जिला रायपुर

आपके ज्ञात पते पर जारी नोटिस सही पता के अभाव में अदम तामिली वापस प्राप्त होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कमल माखीजा पति श्री प्रहलाद माखीजा निवासी शंकर नगर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में न्या. अपर कले. तहसील व जिला रायपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202405113000020 / अ-12/ वर्ष 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 27.11.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील पेश किया है, जिसमें आपको उत्तरवादी बनाया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 06.04.2026 हेतु नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि 06.04.2026 को सुबह 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 13.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**आयुक्त,**
**रायपुर संभाग, रायपुर**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# इस हफ्ते आएगा रायपुर में दो आईपीएल मैच का दूसरा शेड्यूल, स्टेडियम में वीआईपी के लिए बढ़ेंगी सीटें

**टाइम टेबल और संभावनाओं के मुताबिक आरसीबी के साथ राजस्थान रॉयल्स, हैदराबाद या चेन्नई की टीम रायपुर आ सकती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईपीएल का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और इसी के साथ रायपुर में होने वाले दो मैचों की तारीखों को लेकर बना सस्पेंस भी इस हफ्ते खत्म हो जाएगा। आईपीएल के मैचों का दूसरा शेड्यूल इसी हफ्ते जारी होने वाला है, जिससे यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा कि रायपुर के मैदान पर आरसीबी के साथ कौन सी टीम खेलने वाली है। वर्तमान टाइम टेबल और संभावनाओं के मुताबिक आरसीबी के साथ मुकाबला करने के लिए राजस्थान रॉयल्स, हैदराबाद या चेन्नई की टीम रायपुर आ सकती है और पूरी उम्मीद है कि ये मैच 25 अप्रैल के बाद ही आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले बीसीसीआई ने 11 मार्च को फेज 1 का शेड्यूल जारी किया था, जिसमें 28 मार्च से 12 अप्रैल के बीच होने वाले केवल 20 मैचों को शामिल किया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने यह तय किया है कि इस बार भी टूर्नामेंट में कुल 74 मैच ही खेले जाएंगे। शुरुआती शेड्यूल में कम मैचों की घोषणा का मुख्य कारण विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतजार था। अब जबकि चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है, तो उन राज्यों में जहां आईपीएल मैच होने हैं, वोटिंग के दिनों में कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इसी वजह से चेन्नई में 23 अप्रैल, कोलकाता में 23 और 29 अप्रैल, और गुवाहाटी में 9 अप्रैल को कोई मैच नहीं होगा। इस सीजन का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### स्टेडियम में बढ़ेंगी वीआईपी सीटें

आगामी मैचों के दौरान दर्शकों के लिए वीआईपी सुविधाओं में इजाफा होने जा रहा है। गोल्ड और प्लैटिनम श्रेणी की सीटों में पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, जिससे मैच देखने का अनुभव और भी शानदार हो जाएगा। वीआईपी सीटों की संख्या बढ़ाने की तैयारी में है, जिसके तहत गोल्ड और प्रीमियम टिकट वाली सीटों की संख्या जल्द ही बढ़ाई जाएगी ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शक इन श्रेणियों में मैच का लुत्फ उठा सकें। हालांकि स्टेडियम की वर्तमान बैठक व्यवस्था में नई सीटें जोड़ने की गुंजाइश काफी सीमित है, फिर भी आधा दर्जन से अधिक नई सीटों की विशेष व्यवस्था बनाने पर काम कर रहा है।



### सुरक्षा और दर्शकों की सुविधा पर विशेष जोर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के मुताबिक, अप्रैल के अंत में रायपुर को दो मैचों की मेजबानी मिलने की पूरी उम्मीद है। आईपीएल का दूसरा शेड्यूल जारी होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मैनजेमेंट टीम एक बार फिर रायपुर आएगी और स्टेडियम में चल रही तैयारियों का जायजा लेकर अपनी अंतिम रूपरेखा तैयार करेगी। इस बार के आईपीएल में दर्शकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है। पिछली बार चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की घटना से सबक लेते हुए, आरसीबी प्रबंधन इस बार दर्शकों के लिए ऐसी पुख्ता और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दे रहा है जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भगदड़ की स्थिति पैदा न हो।

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ चुनाव : रामनारायण बने मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**रायपुर।** अधिवक्ता संघ प्रबंधकारिणी समिति के 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्वाचन किया जाना है, जिसके लिए अधिवक्ता संघ ने रामनारायण व्यास को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिया है। अधिवक्ता संघ के 18 प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव होना है, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 15 वर्ष वकालत का व्यवसाय पूर्ण करने वाले ही इस पद पर दावा कर सकते हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष महिला-13 वर्ष, उपाध्यक्ष पुरुष-13 वर्ष, कोषाध्यक्ष-15 वर्ष, सचिव-10 वर्ष, सहसचिव पुरुष 7 वर्ष, सहसचिव महिला-7 वर्ष, ग्रंथालय सचिव-15 वर्ष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव पुरुष-7 वर्ष, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव महिला-7 वर्ष, कार्यकारिणी सदस्य के कुल-8 पद हैं, जिसमें 2 पद महिला के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामनारायण व्यास ने सहायक निर्वाचन अधिकारी दीपक दीवान, नरेंद्र मिश्रा एवं मीडिया प्रभारी अमर गुरुबक्षाणी को नियुक्त किया है।

### केपीएस की छात्रा समृद्धि ने किया प्रदेश का नाम रोशन

**रायपुर।** डूंडा स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल की 5वीं कक्षा की छात्रा समृद्धि यादव ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने देश की कठिन परीक्षा अंतराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल सोशियल स्टडीज ओलम्पियाड में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए जोनल रैंक 2, इंटरनेशनल रैंक 9 और आईएसएसओ में जोनल रैंक 4, इंटरनेशनल रैंक 10 हासिल की है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वे अपने विद्यालय कृष्णा पब्लिक स्कूल रायपुर में सुपर अचीवर हैं। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्यारेलाल यादव की प्रपौत्री, परसराम यादव की पोती एवं डॉ. संजीव कुमार यादव व डॉ. डॉली अहीर की पुत्री हैं।



### कतिया समाज ने किया भूमिपूजन

**रायपुर।** कतिया समाज विकास समिति द्वारा वार्ड क्रमांक- 60 चंद्रशेखर नगर, गोकुल नगर में रविवार को भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। यह भूमिपूजन विधायक सुनील सोनी ने किया। इसी दौरान विधायक श्री सोनी ने कहा कि अगस्त तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद रमेश सपहा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

### दो दिन चढ़ेगा पारा, फिर होगी बारिश

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश के तापमान में कमी आई है। कई स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। आगामी तीन दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि होगी। इसके बाद विशेष परिवर्तन नहीं आएगा। 24 मार्च को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है, लेकिन 26 मार्च से हल्की वर्षा का दौर प्रारंभ होने की संभावना बन रही है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा। अन्य हिस्सों में भी इस दौरान तापमान में हल्की कमी आएगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते ये परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं। इसके पहले सोमवार को रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 35.6 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.3 डिग्री कम 20 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म राजनांदगांव रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री पहुंच गया है।
प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहा। देर रात और सुबह हल्की ठंड का सामना लोग यहां कर रहे हैं। ना केवल अंबिकापुर बल्कि तापमान में कमी के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में देर रात हल्की ठंड का अहसास हो रहा है।

### लोक निर्माण और जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

# गुढ़ियारी में सड़क चौड़ीकरण के लिए तोड़फोड़ विरोध में प्रदर्शन, निगम ने 8 दुकानों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी के गुढ़ियारी इलाके में सोमवार को सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने गए दस्ते की कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन के दौरान मुख्य सड़क पर सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इसके चलते नगर निगम को तोड़फोड़ की कार्रवाई कुछ देर रोकनी पड़ी। नगर निगम की बुलडोजर कार्रवाई का विरोध करते हुए स्थानीय लोगों ने सड़क पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस, भीम आर्मी और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए। हालात को देखते हुए स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। स्थानीय लोगों का ये आरोप है कि निर्धारित मार्किंग से अधिक स्पेस पर तोड़फोड़ की गई जो गलत है। कार्रवाई के दौरान पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को गाड़ी में भरकर वहां से हटाया। इसके बाद सरकारी जमीन पर बनी 8 दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई।

**3 जेसीबी मशीन से हटाया अतिक्रमण, सुबह 11 बजे आ धमकी टीम** : नगर निगम जोन 2, मुख्यालय की उड़नदस्ता टीम 3 जेसीबी मशीन के साथ ठक्करबापा चौक से गुढ़ियारी के मंगल बाजार, पहाड़ी चौक क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के मार्ग में अतिक्रमण हटाने दलबल के साथ पहुंची । तोड़फोड़ की कार्रवाई का लोगों ने जमकर विरोध करते हुए सड़क पर उतर आए। विरोध के बीच कांग्रेस के शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ब्लाक अध्यक्ष किशन बाजारी, आकाश दीवान सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाई। श्री कुमारशंकर मेनन ने आरोप लगाया कि पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत पिछले सात सालों से गरीबों को परेशान करते रहे हैं। पहाड़ी चौक, मंगलबाजार और शुक्रवारी बाजार के दुकानों को तोड़ा जा रहा है। जितनी जगह दी गई थी, उससे अधिक तोड़ा जा रहा है, संबंधित दुकानदार वहां सालों से आजीविका चला रहे हैं। ऐन त्योहार के समय सड़क चौड़ीकरण के नाम लोगों को परेशान किया जा रहा है। हम इस कार्रवाई का विरोध करते हैं। विरोध प्रदर्शन के चलते तोड़फोड़ की कार्रवाई कुछ देर के लिए रोक दी गई। इसके बाद 3 घंटे तक अतिक्रमण हटाने दस्ता जुटा रहा।

मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। जितनी दुकानें थी उनका मुआवजा पहले ही दिया जा चुका है। सभी के पास अनुमति पत्र मौजूद हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की जा रही है।

**खास बातें**
- पुलिस बल तैनात, प्रदर्शन के दौरान सड़क पर लगा जाम
- नगर निगम जोन 2, मुख्यालय की उड़नदस्ता टीम रही मौजूद





# नवरात्रि के शुरुआती 3 दिन में साढ़े 9 करोड़ से अधिक की रजिस्ट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चैत्र नवरात्रि के शुरुआती तीन दिन में 436 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई है, जिससे 9 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। सबसे अधिक नवरात्रि के दूसरे दिन 4 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक की रजिस्ट्री हुई है, जिसमें 185 रजिस्ट्री हुई है। सामान्य दिनों की तुलना में नवरात्रि में इस बार भी रजिस्ट्री कराने वालों की संख्या के साथ आय में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन पिछली चैत्र नवरात्रि की तुलना में रजिस्ट्री और आय दोनों में कमी आई है। इसका कारण नई गाइड लाइन में जमीन की बढ़ी दरें हैं। जमीन की दरें बढ़ने के कारण इस बार प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री में कमी आई है, जिसका असर पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री पर भी पड़ा है।

### पंचमी के दिन कम रही भीड़

नवरात्रि के पंचमीं के दिन सोमवार को पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बहुतकम रही, जिससे इस दिन रजिस्ट्री के साथ आय भी कम होने की संभावना है। हालांकि पंचमीं के दिन कुल कितनी रजिस्ट्री तथा आय हुआ है। इसी जानकारी मंगलवार को मिल पाएगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान कभी ज्यादा तो कभी कम रजिस्ट्री होती है। पिछले वर्ष ज्यादा रजिस्ट्री हुई थी, तो आय भी अधिक हुी थी।

### रविवार को भी खुला रहा कार्यालय, 1.36 करोड़ की आय

मार्च क्लोजिंग महीना होने के कारण पंजीयन विभाग ने प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों को रविवार को अवकाश के दिन भी खुला रखने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत रायपुर पंजीयन कार्यालय भी रविवार को खुला रहा। इसका फायदा भी पंजीयन विभाग को हुआ। इस दिन पंजीयन कार्यालय में 60 रजिस्ट्री हुई है, जिससे कुल 1 करोड़ 16 लाख 43 हजार 585 रुपए की आय हुई है। इसमें पंजीयन शुल्क के रूप में 52 लाख 2 हजार 425 रुपए तथा स्टाम्प शुल्क से 84 लाख 41 हजार 160 रुपए आय हुई है।

# फॉरेस्ट गार्ड के एक पद के लिए एक हजार से अधिक दावेदार लिखित परीक्षा के लिए चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड (वनरक्षक) के 14 सौ 84 पदों के लिए आवेदन करने वाले हजारों अभ्यर्थियों में से 16 हजार 762 को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। यानी एक पद के लिए एक हजार से अधिक दावेदार हैं। उधर दूसरी ओर वर्ष 2021 में वन रक्षक के 140 पदों के लिए आवेदन बुलाए गए थे, लेकिन इन पदों पर होने वाली भर्ती निरस्त कर दी गई। अब इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वालों के शुल्क वापस किए जा रहे हैं।

- एक और भर्ती निरस्त, परीक्षा शुल्क कर रहे हैं वापस

राज्य के वन विभाग में सीधी भर्ती के वनरक्षकों के पद बड़ी संख्या में खाली थे, इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने पर हजारों की संख्या में आवेदन आए थे। इन आवेदनों की जांच पड़ताल के बाद अब भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में इन की लिखित परीक्षा ली जानी है। जब लिखित परीक्षा के लिए योग्यता की जांच की गई तो 1484 पदों के विरुद्ध 16 हजार 762 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के लिए चुने गए हैं। इन आंकड़ों से साफ होता है कि वनरक्षक के एक पद के लिए एक हजार से अधिक दावेदार खड़े हो गए हैं। अब लिखित परीक्षा में जो लोग पास होंगे उनमें से सबसे अधिक नंबर पाने वालों का चयन किए जाने की संभावना है। बशर्ते कि वे भर्ती के सभी मानदंड पर खरे उतरें।

### भर्ती प्रक्रिया निरस्त अभ्यर्थियों की शुल्क वापसी होगी

इधर दूसरी ओर वर्ष-2021 में वनरक्षक के 291 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर, ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था जिसमें अभ्यर्थियों से नियमानुसार आवेदन शुल्क लिये गये थे। ये भर्ती बस्तर, सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले वनमण्डल बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, इन्द्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर, बीजापुर, पूर्व भानुप्रतापपुर, पश्चिम भानुप्रतापपुर, दक्षिण कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, केशकाल, कोरिया, मनेन्द्रगढ़, जशपुर, सूरजपुर, हाथी रिजर्व तमोर पिंगला अभ्यारण्य सूरजपुर, हाथी रिजर्व सेमरसोत अभ्यारण्य बलरामपुर, हाथी रिजर्व बादलखोल अभ्यारण्य जशपुर, गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर एवं कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले वनमण्डल कोरबा, कटघोरा हेतु विज्ञापित 140 पदों को निरस्त किया गया था। इन पदों के लिए इन अभ्यर्थियों से लिये गए शुल्क राशि को उन्हें वापस किया जा रहा है।

# एक लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिजली बिल का समाधान, पंजीयन में ही मिले ढाई करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 28 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के बकाया बिल का निराकरण करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना का प्रारंभ किया गया है। इस योजना में दस दिनों में ही एक लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के बकाया बिल का समाधान किया गया। इनमें से 72 हजार जहां बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता हैं, वहीं एपीएल वर्ग के 24 हजार से ज्यादा उपभोक्ता शामिल हैं। इन उपभोक्ताओं से पंजीयन में ढाई करोड़ मिल गए हैं। सबसे ज्यादा 31 हजार उपभोक्ताओं के साथ जहां अंबिकापुर पहले नंबर पर है, वहीं 24 हजार के साथ जगदलपुर दूसरे और 14 हजार के साथ रायपुर डिवीजन तीसरे नंबर पर है।

- अंबिकापुर पहले, जगदलपुर दूसरे और रायपुर डिवीजन तीसरे नंबर पर

प्रदेश में बिजली के आम उपभोक्ताओं पर ही तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इसमें से 31 मार्च 2023 के पहले के उपभोक्ताओं पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए ही प्रदेश सरकार ने समाधान योजना का प्रारंभ किया है। इनका पूरा सरचार्ज माफ किया गया है। सरचार्ज की राशि ही 758 करोड़ है। सरचार्ज को छोड़कर उपभोक्ताओं से 15 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया वसूलना है।



**टॉप पांच डिवीजन**

| | |
|---|---|
| अंबिकापुर | 31109 |
| जगदलपुर | 24000 |
| रायपुर | 14000 |
| बिलासपुर | 13000 |
| रायगढ़ | 12142 |

### एपीएल को दस फीसदी छूट

सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं को बकाया पर मूल राशि में दस फीसदी की छूट उस स्थिति में मिलेगी जब वे सारा बकाया एक साथ जमा करेंगे। अगर तीन किस्तों में बकाया किया जाएगा तो पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छह किस्तों में बकाया जमा करने की भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

### बीपीएल के लिए बड़ी छूट

योजना में बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को डबल राहत दी गई है। पहली राहत तो जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन 31 मार्च 2023 के पहले कट हो गया है उनको सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी जा रही है। इसी के साथ जिन भी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं का कनेक्शन सक्रिय है, पर उन पर हजारों या फिर लाखों का बकाया है उनको भी इस योजना में राहत दी गई है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर बकाया राशि पांच साल से ज्यादा समय से बाकी है, उसको मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई है। इसी के साथ जिन का बकाया एक से पांच साल के बीच है, उनको मूल राशि में 50 फीसदी छूट दी गई है। यही नहीं मूल राशि को जमा करने के लिए किस्तों का भी प्रावधान किया गया है। जिन पर छूट के बाद भी एक लाख से ज्यादा का बकाया होगा, उनको 60 किस्तों में पैसा देने का प्रावधान किया गया है। जिन पर पचास हजार से एक लाख का बकाया होगा, उनको 50 किस्तें और जिन पर पचास हजार से कम बकाया होगा उनको 40 किस्तों में अपना बकाया देने का अवसर मिलेगा।

**तूता स्थित धरना स्थल पर प्रतीकात्मक प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक खेला**

# डीएड अभ्यर्थियों ने शहीदों का वेश धारण कर न्याय की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद दिवस के मौके पर सोमवार को डीएड अभ्यर्थियों ने शहीद भगत सिंह और राजगुरू सुखदेव का वेष धारण कर न्याय की गुहार लगाई। तूता के धरना स्थल पर हाथों में तख्तियां और हथकड़ियां लिए युवा सरकार से सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की मांग कर रहे थे। धरना स्थल से शिक्षा मंत्री निवास तक रैली निकालने की मंशा से निकले अभ्यर्थियों को पुलिस ने धरना स्थल के गेट के पास ही रोक दिया।

- सहायक शिक्षक के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग

छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन किए जाने की मांग को लेकर तूता में आमरण अनशन पर बैठे हैं। सोमवार को डीएड चयनित अभ्यर्थियों ने अपने संवैधानिक अधिकार और न्याय की मांग को लेकर शहीदों के वेश में प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया, साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। हाथों में हथकड़ी पहनकर अभ्यर्थियों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि आज युवा भले ही देश का भविष्य है, पर अपने ही अधिकारों के लिए बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। डीएड अभ्यर्थियों ने तीन दिन पूर्व तूता के धरना स्थल से शीतला मंदिर तक सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति की कामना करते हुए सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा निकाली।



### सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर कृषि सखी पशु सखी महिलाओं ने किया प्रदर्शन

एनआरएलएम बिहान कृषि सखी पशु सखी महिलाओं ने सोमवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर सम्मानजनक मानदेय की मांग को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय धरना दिया। उनका कहना है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास के एनआरएलएम बिहान योजना के अंतर्गत कार्य करने वाली महिलाओं को केवल 1910 रुपए मासिक मानदेय दिया जाता है, जो कि बहुत कम है। इस राशि से वे अपनी छोटी जरूरतें भी पूरी नहीं कर पातीं। मानदेय से अधिक राशि विभाग के काम करने में खर्च हो जाती है, जबकि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में सक्रिय महिला को 6 हजार रुपए मानदेय दिया जाता है, जिसमें केन्द्र का 3 हजार रुपए और राज्य का 3 हजार रुपए अंशदान शामिल है।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

माता को चुनरी और भोग चढ़ाकर ....

## एजुकेशन अलर्ट

# इंडियन नेवी अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन हुए शुरू




**रायपुर।** इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर अग्निवीर एसएसआर एवं अग्निवीर एमआर (बैच 1/2027-02/2027) भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी युवा इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं और इंडियन नेवी में शामिल होने का सपना देख रहे हैं वे भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट joinindiannavy.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने की लास्ट डेट 6 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इंडियन नेवी अग्निवीर भर्ती 2026 में शामिल होने के लिए सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने के साथ 550 रुपये जमा करना होगा। फीस का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।

### ये अभ्यर्थी दे सकेंगे आवेदन

इंडियन नेवी अग्निवीर एमआर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल (10वीं) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा एसएसआर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने मैथमेटिक्स, फिजिक्स एवं कंप्यूटर साइंस/ केमिस्ट्री/ बायोलॉजी में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया हो।इसके साथ ही अभ्यर्थी का जन्म पदानुसार 1 दिसंबर 2004 से 31 मई 2009/ 1 मई 2005 से 31 अक्टूबर 2010 के बीच हुआ है। पात्रता की विस्तृत डिटेल के लिए उम्मीदवार एक बार नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।

### आवेदन के लिए प्रक्रिया

इस भर्ती में शामिल होने के लिए सभी अभ्यर्थी घर बैठे स्वयं ही ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स यहां दी जा रही हैं-फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना होगा। इसके बाद आपको भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन पर क्लिक करना होगा।अब अप्लाई ऑनलाइन बटन पर क्लिक करना है। Don't have an account? Register now! पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल दर्ज करके पंजीकरण कर लेना है। इसके बाद अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें। अंत में निर्धारित फीस जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें और एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

## गर्मी से बचने बाजार में सीआर लेंस की मांग, आंख पूरी तरह से ढंकी रहे, इसलिए चौड़े फ्रेम के चश्मे पहली पसंद

# भीषण गर्मी से पहले राहत पाने घर की छत पर चढ़ा रहे 'सफेद कवच', तापमान में 7 डिग्री तक की कमी

शहर में लगातार बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब पारंपरिक उपायों की ओर रुख कर रहे हैं। घरों की छत पर सफेद पेंट लगाया जा रहा है, जो गर्मी को मात देने में कारगर साबित हो रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो सफेद या परावर्तक पेंट सूर्य की किरणों को वापस लौटाता है, जिससे छत पर कम गर्मी जमा होती है। इस तकनीक के जरिए छत का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक और घर के अंदर का तापमान 3 से 7 डिग्री तक कम किया जा सकता है।

**रायपुर।** हरिभूमि ने घरों में पेंट कर रहे लोगों से बातचीत की। कैलाश ताम्रकार ने बताया कि अप्रैल में गर्म हवाओं और लू से पहले उपाय कर रहे हैं। इसमें 4 से 10 हजार तक खर्च आ रहा है। वर्तमान में वे लोग अधिक करा रहे हैं, जिनका छत पर कमरा है। न सिर्फ कम लागत में, बल्कि बिना किसी तकनीकी जटिलता के यह उपाय घर को ठंडा रखने में बेहद असरदार साबित हो रहा है। पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि बड़े पैमाने पर यह पहल अपनाई जाए तो यह शहरी ताप द्वीप प्रभाव को भी कम कर सकता है।





### चिकित्सक भी दे रहे हैं सलाह

तेज धूप से आंखों में जलन व खुजली के साथ लालिमा की समस्या लोगों में बढ़ रही है। डॉक्टर भी चश्मा पहनने की सलाह दे रहे हैं। बाजार में यूवी ग्लास, सूर्य की किरण से आंखों को बचाने वाले ग्लास, ड्राइविंग करते समय पहने जाने वाले चश्मे भी उपलब्ध हैं। डॉ. श्वेता चावड़ा का कहना है कि घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी के चश्मे का प्रयोग करें। चश्मे इस तरह के हों, जो आंखों को पूरी तरह से ढंक सकें। तेज गर्म हवा आंखों में पड़ने से एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है।

### पोलेराइड व सीआर लेंस चश्मों की मांग

गर्मी में तेज धूप से आंखों को बचाने के लिए बाजार में ब्रांडेड के साथ-साथ अब डिजिटल चश्मे की मांग बढ़ गई है। धूप और धूल से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए बड़े शोरूम में रोजाना 100 से अधिक लोग चश्मे खरीदने लोग पहुंच रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित एक दुकान के संचालक विकास पंजवानी ने बताया, ज्यादातर युवावर्ग स्टाइलिश रंगीन चश्मे खरीद रहे हैं। गर्मी में सर्वाधिक मांग पोलेराइड व सीआर लेंस चश्मों की है। युवतियां बी-टू ग्लास, फोटो लेंस के साथ डिजाइनर चश्मे खरीद रही हैं। इसके अलावा बिना ब्रांड के चौड़े फ्रेम में कंट्रास्ट वाले चश्मों को भी पसंद किया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अब चश्मा पहनना शौक के साथ लोगों की मजबूरी भी बन गया है, इसलिए अप्रैल में बिक्री बढ़ी है।



### ब्लूटूथ की सुविधा कर सकते हैं बात

महानगरों में इन दिनों डिजिटल चश्मा पहना जा रहा है। ट्रेंड के अनुसार रायपुर में भी डिजिटल चश्मे की मांग देखी जा रही है। शोरूम में यह चश्मा 6 हजार में उपलब्ध है, जिसमें धूप के अनुसार तीन अलग-अलग प्रकार से फ्रेम को सेट किया जा सकता है। इसमें ब्लूटूथ की सुविधा है, जिसकी मदद से कॉल कर बातचीत की जा सकती है। क्रोमा शोरूम के मयंक शर्मा ने बताया कि ब्रांडेड में ब्लूटूथ वाले चश्मे की बिक्री अधिक है। स्टाइलिश होने से युवावर्ग इसे पसंद कर रहे हैं। धूप में बाहर निकलने के अपने समय के अनुसार लोग चश्मे के रंग चुन रहे हैं।

## सिटी लाइव

# गर्मी में पीलिया, दस्त से बचने जंक फूड और दूषित पेय पदार्थों को करें ना



**रायपुर।** नए जनरेशन की ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर तीनों में ही जंक फूड तेजी से शामिल हुए हैं। इसके कारण छोटे बच्चों से लेकर बड़े सभी वर्ग आज सेहत संबंधित समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में मौसम के अनुरूप अपने आहार को संतुलित कर ही स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। इस गर्मी के मौसम में पेट संबधित बीमारियों में पीलिया, दस्त और पेट के अल्सर जैसे गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम देखने को मिलते हैं। इसकी वजह डेली रूटीन डाइट में लगातार बढ़ती जंक फूड, कार्बोनेटेड युक्त पेय पदार्थ है। यह कहना है शहर के जाने माने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप सोलंकी का। उन्होंने आगे बताया कि गर्मी के दिनों में पाचन तंत्र को मजबूत रखने, शरीर में पानी की कमी पूरी करने संतुलित आहार में घर का बना ताजा खाना और देशी शर्बत, पेय पदार्थों को नियमित शामिल करना चाहिए। इसके लिए एक युवा को रोजाना 3 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए। वहीं बेल के शर्बत, दही, छाछ, नीबू पानी घर पर तैयार कर लें। भोजन में सिंपल दाल-चावल, हरी सब्जियां, सलाद, फल और उसके जूस को शामिल करें। साथ ही अपना रुटीन एक्सरसाइज करें। फिर गर्मी के मौसम में सेहत फिट रहेगी और पीलिया, दस्त तथा पेट संबधित बीमारियों से बच सकेंगे।





### इस मौसम में खुद को रखें हाईड्रेट

शहर के जाने-माने डाइटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव का कहना है कि गर्मी के दिनों में तरोताजा रहने के लिए नियमित तौर पर खुद को हाईड्रेट रखना जरूरी है। गर्मी में भागदौड़ व तापमान के कारण शरीर को पानी की पूर्ति करने डाइट में तरल पदार्थों की मात्र बढ़ाए। इसके लिए स्वच्छ व साफ पानी नियमित पिए। वहीं तरल पेय पदार्थों में गुड़ का शर्बत, नारियल पानी, गोंद कतीरा शर्बत, पुदीने का पानी, सौंफ का शर्बत लें। खाने में हल्का व हेल्दी भोजन शामिल करें। इसमें दलिया, खिचड़ी, रोटी-सब्जी, फल प्रमुख हैं। इससे गर्मी में शरीर में पानी और एनर्जी की पूर्ति होती रहेगी।

# साधना के दौरान आहार-विहार की जानकारी देने कार्यशाला

**रायपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ संतोषी नगर और कुशालपुर में गायत्री परिजनों एवं साधकों के लिए नवरात्रि में किस तरह से साधना की जाए, इसकी जानकारी देने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी आशीष राय ने बताया कि नवरात्रि उपासना का पर्व है। इन नौ दिनों में किए गए दैविक अनुष्ठान से जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आते हैं। गायत्री परिवार के कई परिजन नौ दिनों में गायत्री मंत्र का अनुष्ठान और साधना का संकल्प लेते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में अनुष्ठान के लिए मंत्र जाप में लंबे समय तक बैठने से कई प्रकार की परेशानियां होती हैं। जैसे शारीरिक अकड़न, मन का एकाग्र न रहना, ध्यान में अस्थिरता के लिए समाधान को लेकर कार्यशाला का सोमवार को समापन किया गया।



### ऑनलाइन और ऑफलाइन दी गई जानकारी

*देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार की पूर्व छात्रा एवं युवा प्रकोष्ठ रायपुर की सदस्य माधुरी साहू एवं निष्ठा साहू ने साधना एवं मंत्रजाप की विधि को विस्तार से बताया। साधना के लिए लंबे समय तक बैठने के पूर्व किए जाने वाले योग, व्यायाम के विषय में भी जानकारी दी। योग विशेषज्ञ माधुरी ने बताया कि साधना के दिनों में साधक को सात्विक आहार, सुपाच्य पौष्टिक भोजन, फल, दूध, दही का सेवन करना चाहिए। साधना के दौरान साधक को राजसिक एवं तामसिक आहार नहीं करना चाहिए, क्योंकि राजसिक भोजन शरीर को ऊर्जा देता है, लेकिन मन को अशांत करता है। उक्त जानकारी देते हुए प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि कार्यशाला ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आयोजित की गई।*

# सड़क पर घूमती गायों की सुरक्षा के लिए अभियान शुरू



**रायपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए बेसहारा गायों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टिव कॉलर (चमकने वाली बेल्ट) लगाने का अभियान शुरू किया गया है, जो रात के अंधेरे में वाहन की हेडलाइट पड़ते ही चमक उठती हैं। यह पहल दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पुलिस, सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जेसीआई रायपुर राइस सिटी द्वारा "एक कॉलर-कई जिंदगियां बचा रहा है" पहल के तहत रायपुर के वीआईपी रोड पर सड़कों पर घूमने वाली गायों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टिव कॉलर लगाए गए, ताकि रात में उनकी पहचान हो सके और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अभियान का उद्देश्य मानव जीवन के साथ-साथ पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और समाज में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेसी आशीष गोयल ने इसे प्रेरणादायक पहल बताया, वहीं अध्यक्ष जेसी शिवांगी मित्रा ने कहा कि छोटी कोशिश भी बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है। इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि छोटी-छोटी जागरूकता और सेवा कार्य कई जिंदगियां बचा सकते हैं।

## श्याम भजन भव्य ताली कीर्तन महोत्सव में भजन गायकों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

कॉर्नर न्यूज

# हारे के सहारे श्याम हमारे...भक्ति रस में सराबोर होकर झूमे श्रद्धालु



**रायपुर।** रविवार को हारे के सहारे श्याम हमारे के जयकारों से टाटीबंध का वातावरण गूंज उठा। अवसर था श्याम भजन भव्य ताली कीर्तन महोत्सव का। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक एवं कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। किशन महाराज, राहुल शर्मा, विनय अग्रवाल, गोविंद शर्मा, सत्येंद्र बिसेन एवं पं. कृष्णा शर्मा के श्याम भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर देर रात तक झूमते रहे। यह आयोजन दि रेड ओक, टाटीबंध में शाम 6 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने उपस्थित होकर भक्ति एवं संगीत का आनंद लिया। इस दौरान राजस्थान की ढोल पार्टी ने अपनी ऊर्जावान एवं आकर्षक प्रस्तुति से पूरे माहौल को भक्तिमय उत्साह से भर दिया। ढोल की थाप पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति एवं उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। वहीं निर्मल म्यूजिकल ग्रुप ने भी अपनी संगीतमय संगत से कार्यक्रम को और अधिक भव्य बना दिया।



कार्यक्रम के दौरान सभी भजन गायकों ने ताली कीर्तन ग्रुप की सराहना करते हुए इस प्रकार के भक्ति आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने की बात कही। विशेष रूप से भजन गायक गोविंद दम्मानी ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि प्रत्येक कीर्तन में जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को भी आमंत्रित किया जाए, ताकि वे भी बाबा के भजन सुन सकें एवं उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण करने का अवसर मिल सके।



### आयोजन में इनकी रही भागीदारी

नितिन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रजत अग्रवाल, उदित अग्रवाल, सौरभ सावरिया, नीरज अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विशेष अग्रवाल, सौरभ सिंघल, महेश अग्रवाल, प्रेम सिन्हा, सूरज माखड़िया, पंकज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, कृष्णा, प्रफुल्ल पाटले, सतेंद्र बिसेन, शेखर गोयल, दिव्यांश मोदी, मनोज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, जय प्रकाश, प्रकाश शर्मा, पाखी शर्मा, सौरभ डोकानिया, विमाश लाहोटी, गणेश अग्रवाल, श्रेयांश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अविनाश मोदी, सुरेश अग्रवाल, संतोष डुग्गर, रवि चौधरी, संयम शर्मा, समीर वंस्यान्य, जतिन थारवानी, संजय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल की विशेष सहभागिता एवं सहयोग रहा।

### श्रद्धालुओं ने श्याम भजन का लिया आनंद

ताली कीर्तन ग्रुप के सदस्य नितिन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में उम्मीद से अधिक संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन अत्यंत सफल रहा। श्याम भजन का श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया। ताली कीर्तन ग्रुप के सदस्य अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन श्याम बाबा की कृपा से आयोजित हुई और भविष्य में भी ऐसे भव्य धार्मिक आयोजन जारी रहेगा।

धर्म लाइव

## 21 कन्याओं का पूजन कर जसगीत की दी मनमोहक प्रस्तुति



**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि पर कर्म प्रथम चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 21 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन, जसगीत एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं के बीच गहरी आस्था और सेवाभाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक अभिषेक वर्मा एवं इकराम सैफी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही संस्था की डायरेक्टर प्रियंका पांडे, भावना वाजपेई, सविता गुप्ता, विपिन अग्रवाल, प्रकाश पटेल, ज्योति शुक्ला, सिमरन अग्रवाल तथा मेंटर सिमरन कौर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया पूजन

आयोजन के दौरान 21 कन्याओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजन किया गया, जिसके उपरांत उन्हें भोजन, वस्त्र व उपहार प्रदान किए गए। इसके बाद जसगीत के माध्यम से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, संस्कार और एकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नियमित रूप से किए जाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में संस्था की ओर से सभी सहयोगियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

पंचमी पर देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक लगा रहा भक्तों का तांता, जोत-जंवारा का किया दर्शन

# माता को चुनरी और भोग चढ़ाकर भक्तों ने मांगी मुरादें जसगीत मंडलियों ने भजन-कीर्तन से सजाया दरबार

सोमवार को पंचमी पर्व पर शहर के देवी मंदिरों में दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। चैत्र नवरात्रि को लेकर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर दिखे। माता के भक्तों को पंचमी के इस दिन का विशेष इंतजार रहता हैं। मंदिरों में माता के दरबार और प्रतिमा को विशेष श्रृंगारित किया गया। वहीं दोपहर बाद से देर रात तक जसगीत मंडलियों के भजन-कीर्तन से माता के जयकारों से दरबार गूंजता रहा। भक्तजन मां को चुनरी सहित श्रृंगार सामग्री अर्पित किए। प्रसाद के रूप में फल चढ़ाए और मां से अपने घर-परिवार के लिए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हुए दिखे।

**रायपुर।** माता की एक झलक पाने श्रद्धालु हजारों की तादाद में जयघोष करते पहुंचे। वहीं माता का महिमा गान करने वाली जसगीत टोलियों ने भी दर्शन करने पहुंचे लोगों को भक्तिमय माहौल दिया। बंजारी माता मंदिर, पुरानी बस्ती के महामाया, दंतेश्वरी और शीतला माता मंदिर में सुबह से ही लोग पूजा-अर्चना करके शुभ योग में पुण्य लाभ लेने परिवार के साथ पहुंचे। इसके चलते धार्मिक स्थलों में भीड़ रही। इसको देखते हुए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों ने वॉलंटियर्स को लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्था बनाने मंदिर के प्रवेश मार्ग से लेकर ज्योति कलश पूजा स्थल तक जिम्मेदारी देनी पड़ी। महामाया मंदिर में सुबह की आरती में शामिल होने के लिए स्थानीय ही नहीं, बल्कि आसपास के शहरों से भी श्रद्धालु पहुंचे। पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि पंचमी तिथि से बढ़ने वाली कतार से बचने लोग हजारों की तादाद में पहुंचे। इस वजह से रात में भी श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी।



### धुमाल, ढोल-ताशे के साथ निकली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण सेवा समिति बरईपारा लिली चौक पुरानी बस्ती द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सोमवार को शाम 7.30 बजे नवरात्रि पंचमी के शुभ अवसर पर महाराष्ट्र नागपुर से धुमाल और ढोल-ताशा के साथ श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा निकली। यह शोभायात्रा लिली चौक पुरानी बस्ती से शीतला मंदिर, बुढ़ापारा, सिटी कोतवाली, सदर बाजार, सत्ती बाजार कंकालीपारा होते वापस लिली चौक पुरानी बस्ती में समाप्त हुई। रास्ते में विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कैला देवी मंदिर समिति बुढ़ापारा, गणेश उत्सव समिति जगन्नाथ मंदिर, सदर बाजार में सत्ती बाजार में भव्य स्वागत किया गया। आयोजनकर्ता अनु सोनी, पार्थ महोबिया, हर्ष कसेर, अनिकेत अग्रवाल, सौम्य पी. गुप्ता, विजय देवांगन, अभय भोयर और मोहल्ले के समस्त वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।





### मनोकामना सिद्धि के लिए विशेष पूजा-अर्चना

नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा माता के दर्शन करने के पश्चात ज्योति कलश कक्ष में जोत-जंवारा का भी दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा माता के दरबार में परंपरा के अनुसार मनोकामना सिद्धि के लिए विशेष पूजा-अर्चना भी कराई। साथ ही माता दरबार में मनौती के नारियल भी बांधे। इस तरह से सुख-समृद्धि के लिए देवी मां को प्रसन्न करते भक्त कठिन व्रत व पूजन में लीन दिखे।

### माता को चढ़ाया विशेष श्रृंगार सामग्री और भोग

पंचमी के अवसर पर माता के विशेष श्रृंगार के लिए भक्तों ने मां को चुनरी और श्रृंगार सामग्री भेंट की। शहर के सभी देवी मंदिरों में शाम को विशेष आरती की गई। सभी मंदिरों में जसगीत गूंजते रहे। बंजारी धाम मंदिर के प्रमुख पुजारी जोशीजी महाराज ने बताया कि मंदिर में इस चैत्र नवरात्रि 7 हजार 9 सौ 2 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। रोजाना प्रातः 4 बजे, सुबह 10 बजे और शाम 7 बजे माता की आरती की जा रही है। इसमें भक्त बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

### बंजारी धाम में मेला, 4 हजार श्रद्धालु पा रहे प्रसादी

चैत्र नवरात्र में इस बार भी रावांभाठा स्थित बंजारी धाम में उत्सव का माहौल बनने लगा है। दूरदराज से माता के दर्शन के लिए पहुंचे लोग जहां मनौती का नारियल बांधकर अर्जी लगा रहे हैं। वहीं माता के धाम में नारियल-चुनरी चढ़ाने के बाद ज्योति-जंवारा का दर्शन करने भक्तों का तांता लग रहा है। माता के दर्शन करने पहुंच रहे करीब 4 हजार श्रद्धालुओं के लिए रोजाना प्रसादी भंडारे की व्यवस्था की जा रही है।

### ज्योति कलश कक्ष में बैगा व सेवादारों को जिम्मेदारी

परंपरागत रूप से माता के दरबार में जसगीत गायन करने वाली टोलियों के पास, ज्योति कलश कक्ष पर बैगा व सेवादारों को जिम्मेदारी दी है, क्योंकि जसगीत सुनने आने वाले कुछ लोगों को माता आने की स्थिति भी बनती है। इसे देखते हुए शांति कराने के लिए भोग के रूप में नारियल अर्पित कराने की जिम्मेदारी मंदिरों में बैगाओं की टोली ने संभाली हुई है। ज्योति कलश कक्ष में भी इन्हें मुस्तैद किया गया है।

समाज लाइव

## गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर में होगा पहला भव्य जागरण



**रायपुर।** बिलासपुर मार्ग स्थित रावांभाठा में बिश्नोई समाज द्वारा सालभर पहले श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर निर्माण के बाद विधि-विधान से पूजा शुरू की गई थी। एक साल पूरा होने पर अब आगामी 25-26 मार्च को भव्य रात्रि जागरण और हवन का आयोजन किया जाएगा। श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर के इस प्रथम स्थापना दिवस पर यह आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में अध्यक्ष हजारीलाल विश्नोई ने बताया कि 25 मार्च की रात भव्य जागरण में डॉ. स्वामी सच्चिदानंद आचार्य लालसर साथरी धाम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 26 मार्च को सुबह 8 बजे गुरु जम्भेश्वर भगवान के 120 शब्दवाणी का पाठ, हवन और पाहल होगा। इसके बाद महाप्रसादी अर्पित की जाएगी।

### 25 की रात 9 बजे से शुरू होगा जागरण

रामदेव सजनाणी ने बिश्नोई समाज से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में भाग लें। इसको लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जारी हैं। 25-26 मार्च को होने वाले भव्य रात्रि जागरण और हवन के लिए मंदिर को सजाया जा रहा है। श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान मंदिर में 25 की रात 9 बजे से रात्रि जागरण शुरू होगा। 26 मार्च को सुबह 8 बजे हवन और पाहल का नियम विधिवत किया जाएगा। इस दौरान भगवान को भोग अर्पित करने के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

## प्राचीन राम मंदिरों में तीन दिन मनेगा उत्सव आराध्य देव का होगा आभूषणों से श्रृंगार

रायपुर। शहर के प्राचीन मठों और मंदिरों में रामनवमी को उत्सव की तरह मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस साल भी दूधाधारी मठ, जैतूसाव मठ और शिवरीनारायण मठ में आराध्य देव श्रीराम का आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। भक्तों को तीन दिनों तक दिव्य स्वरूप का दर्शन मिलेगा। साथ ही तीनों मठों में संतों-महंतों की उपस्थिति में भजनों की श्रृंखला सजेगी। दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री रामसुंदर दास ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को सुबह से विधि-विधान से पूजा-पाठ का सिलसिला शुरू होगा, जो दोपहर 12 बजे तक तीनों ही मठों में संचालित किया जाएगा। इसके बाद आरती से पूर्व भगवान का आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा।



### भजनों की प्रस्तुति से सजेगा उत्सव

महंतश्री ने बताया कि 27 से 29 मार्च तक यानी तीन दिनों तक रामनवमी उत्सव की परंपरा निभाई जाएगी। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं और पुजारियों की सहभागिता से उत्सव की कड़ी में हर दिन पारंपरिक तरीके से पूजा और आरती के साथ भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह सिलसिला तीन दिनों तक चलेगा। इस बीच आसपास की भजन टोलियों की भागीदारी से भक्तिमय गीत-संगीत के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। भजन गायन के लिए टोलियों की सहभागिता हर उत्सव में रहती है।

### वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में तैयारी तेज

वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में रामनवमी उत्सव को महोत्सव का रूप देने के लिए तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है। यहां होने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाने प्रबंधन से जुड़े लोगों ने तैयारी शुरू की है। रामनवमी पर विशेष पूजा और श्रृंगार के साथ ही आने वाले भक्तों को दर्शन लाभ लेने का अवसर देने के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जा रही है। भक्तों द्वारा जहां आतिशबाजी की जाएगी, वहीं भजनों की प्रस्तुति देने के लिए युवाओं की टोलियों का दायित्व दिया गया है।



## जैन ट्रेड फेयर में महिलाओं को मिला मंच, घर पर बने उत्पाद बाजार तक पहुंचे

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव-2026 का आयोजन रायपुर नगर में सकल जैन समाज द्वारा अत्यंत भव्य और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। महोत्सव समिति के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत के मार्गदर्शन में यह पावन पर्व मनाया जा रहा है। महोत्सव के तहत प्रतिदिन सुबह रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरियां निकाली जा रही हैं, जिनके माध्यम से भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जैन ने जानकारी दी कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी है। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न विशेष आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को फाफाडीह में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं और धर्मप्रेमी शामिल हुए।



### 100 से अधिक महिलाओं ने सजाए होममेड उत्पादों के स्टॉल

दादाबाड़ी में 23 से 25 मार्च तक "सपनों की उड़ान" जैन ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में 100 से अधिक जैन महिला उद्यमियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्टॉल लगाए। महिलाओं ने घर पर बनाए गए उत्पादों को लोगों के सामने प्रस्तुत किया, जिनमें कपड़े, सजावटी सामग्री, ऑर्गेनिक कॉस्मेटिक्स और विविध खाद्य पदार्थ शामिल हैं। इस आयोजन ने गृहिणी महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों का कहना है कि इस तरह के आयोजन से न केवल उन्हें पहचान मिलती है, बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से वे अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने में भी सफल हो रही हैं। यह ट्रेड फेयर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसाय को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

सिटी इवेंट

## आइडिया लैब से इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स को मिलेगा तकनीकी कौशल का ज्ञान



**रायपुर।** रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एआईसीटीई आइडिया लैब का उद्याटन किया गया। इससे स्टूडेंट्स में नवाचार उद्यमिता एवं व्यावहारिक तकनीकी कौशल को बढ़ावा मिलेगा। इस आधुनिक लैब में छात्रों को सीएनसी राउटर, लेजर कटर, 3-डी प्रिंटर एवं पीसीबी डिजाइन मशीन जैसी उन्नत तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो उनके प्रायोगिक ज्ञान को सशक्त बनाएंगी। लैब का उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की पहल छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करने में सहायक होगी। उन्होंने छात्रों से इस सुविधा का अधिकतम उपयोग कर नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ. अरुण अरोरा रहे। उन्होंने भी छात्रों को रोजगारपरक व्यावहारिक ज्ञान आइडिया लैब से ग्रहण करने की सलाह दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहे।

देश की आजादी के लिए लड़े वीर सपूतों का मनाया बलिदान दिवस, उनके त्याग को किया याद

कार्नर न्यूज

# अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को किया नमन, 'माय भारत मेरी जिम्मेदारी' थीम पर पदयात्रा

**रायपुर।** देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले युवाओं के प्रेरणास्रोत शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के 97वें शहीद दिवस पर भगत सिंह चौक पर श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने माल्यार्पण करते हुए महान सपूतों को नमन किया। इस दौरान विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सभापति सूर्यकांत राठौर, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, निगम के एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, पार्षद अवतार बागल, छत्तीसगढ़ सिख संगठन के अध्यक्ष दलजीत चावला प्रमुख रूप से शामिल हुए। महिला विंग की अध्यक्ष श्वेता अरोरा, मोनू सलूजा, लवली अरोरा शामिल रहीं। आयोग के अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि शहीद-ए-आजम के विचार आज भी युवाओं के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं।



### पुष्पवर्षा करते हुए पदयात्रियों का भव्य स्वागत



इस अवसर पर तेलीबांधा मरीन ड्राइव से "माय भारत मेरी जिम्मेदारी" पदयात्रा का आयोजन राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नेतृत्व में किया गया। पदयात्रा में माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी, दुर्गा कॉलेज की एनएसएस अधिकारी सुनीता चंसोरिया, सौमित्र साहा, तनिष्क, उत्कर्ष, मयंक सहित दुर्गा कॉलेज, साइंस कॉलेज, गुरुकुल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से सहभागिता निभाई। पदयात्रा तेलीबांधा मरीन ड्राइव से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक पहुंची, जहां पुष्पवर्षा करते हुए सभी पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया।

### प्रबुद्धजनों ने अर्पित किए फूल, गाए गीत



अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को सलाम करने के लिए सुबह 7 बजे कटोरा तालाब स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा के पास प्रबुद्ध महिलाएं, पत्रकार, चिकित्सक, संस्कृति कर्मी एकजुट हुए। पहले भगतसिंह और उनके साथियों को याद करते हुए पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर डॉ. विप्लव बंद्योपाध्याय ने फैज अहमद ने मशहूर कलाम हम देखेंगे गाया। समवेत स्वर में गीत की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। शेखर नाग ने दो जनगीत गाए ..... चल बहिनी भगतसिंह ल सुरता करबो आजे के दिन...... (ओड़िया) गीत प्रस्तुत किए।

### शहीद दिवस पर किया प्रेरक आयोजन



महाराष्ट्र मंडल में सोमवार शाम को तीनों देशभक्तों के बलिदान को याद करते हुए शहीद दिवस मनाया गया। तीनों वीर बलिदानियों की तस्वीर पर मंडल अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते सहित सभी पदाधिकारियों ने गुलाल लगाते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने आजादी के लिए उनके द्वारा किए गए त्याग को स्मरण किया। दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी प्रसन्न निमोणकर, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने तीनों ही सच्चे देशभक्तों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग और समर्पण को याद किया गया।

ज्योतिष

## 26 मार्च से इन राशियों की आर्थिक स्थिति में आ सकता है सुधार



ज्योतिष पंचांग के अनुसार 26 मार्च 2026 को धन, वैभव और सुख-सुविधाओं के कारक ग्रह शुक्र देव मेष राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जिसे मंगल ग्रह का घर माना जाता है। आपको बता दें कि यह गोचर कई राशियों के लिए विशेष फलदायी माना जा रहा है। खासतौर पर मेष, सिंह और कर्क राशि के जातकों के जीवन में आर्थिक सुधार, करियर में प्रगति और भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं।

**मेष राशि :** शुक्र ग्रह आपकी राशि से लग्न भाव पर गोचर करने जा रहे हैं। इस दौरान नए आय के स्रोत बन सकते हैं और रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। व्यापारियों को अच्छा लाभ मिलने के योग हैं। मान- सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रह सकता है। वहीं इस दौरान अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं।

**सिंह राशि :** यह गोचर आपकी राशि से भाग्य स्थान पर होने जा रहा है। इसलिए इस समय करियर में उन्नति, प्रमोशन और आय में वृद्धि के संकेत हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। वहीं आप काम- कारोबार के संबंध से यात्रा कर सकते हैं। साथ ही इस समय आपके रुके हुए कार्य बन सकते हैं।

**कर्क राशि :** यह गोचर आपकी राशि से कर्म भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे आय में वृद्धि संभव है। वहीं व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। वहीं कारोबार में कोई बड़ी डील होने की संभावना है। लेकिन इस समय आपको पेपर पर साइन थोड़ा सोच समझकर करने चाहिए।

## 25 मार्च से गजकेसरी राजयोग, इन राशियों की बल्ले-बल्ले



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 25 मार्च को चंद्रमा मिथुन राशि में प्रवेश करने वाले हैं, जिससे वह मार्गी गुरु के साथ युति करके पावरफुल गजकेसरी राजयोग का निर्माण करने वाले हैं। इस राजयोग का निर्माण करने से कुछ राशि के जातकों को सुख-समृद्धि, धन-संपदा और मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। बता दें कि गजकेसरी राजयोग का निर्माण तब होता है जब गुरु बृहस्पति और चंद्रमा की युति हो रही हो या फिर एक-दूसरे से केंद्र स्थान में हों।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि में गुरु बृहस्पति दूसरे भाव यानी धन भाव में विराजमान है, जिससे गजकेसरी राजयोग इसी भाव में बनेगा। ऐसे में इस राशि के जातकों को नौकरी और बिजनेस में काफी लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए ये राजयोग काफी लाभकारी हो सकता है। आपके काम और मेहनत को देखते हुए कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

**सिंह राशि :** इस राशि के जातकों के लिए भी गुरु-चंद्र की युति से बना गजकेसरी राजयोग लाभकारी हो सकता है। इस राशि के 11वें भाव में दोनों ग्रहों की युति हो रही है। इस भाव को इच्छापूर्ति का भाव कहा जाता है। ऐसे में इस राशि के जातकों को नौकरी में सफलता हासिल हो सकती है। आपको अपार सफलता के साथ प्रमोशन मिल सकता है। इसके साथ ही प्रेम और दांपत्य जीवन भी अच्छा जाने वाला है।

**कन्या राशि :** इस राशि के जातकों के लिए भी गुरु-चंद्रमा का गजकेसरी राजयोग लाभकारी हो सकता है। इस राशि के दशम भाव में गजकेसरी राजयोग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में इस राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा जातकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है। आपको अपार सफलता के साथ पदोन्नति मिल सकती है।

गलत खान-पान कब्ज, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन और पेट दर्द जैसी कई समस्याओं का कारण बन सकता है

# नवरात्रि के दौरान उपवास में स्वास्थ्य संबंधी बातों का रखें ध्यान, होगा फायदा

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है, जो 9 दिनों तक चलती है। इस अवसर पर कई लोग उपवास रखते हैं। हालांकि, उपवास के दौरान सेहत पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि उपवास के समय गलत खान-पान कब्ज, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन और पेट दर्द जैसी कई समस्याओं का कारण बन सकता है। आइए आज हम आपको नवरात्रि के दौरान ध्यान रखने योग्य स्वास्थ्य टिप्स बताते हैं।



### उपवास के दौरान लगातार पानी पीते रहें

उपवास के दौरान पानी का सेवन कम कर दिया जाता है, जो शरीर के लिए सही नहीं है। पानी का पर्याप्त सेवन शरीर के साथ-साथ पाचन क्रिया को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और गर्मियों में होने वाली कई समस्याओं से बचाए रखता है। इसके अलावा पानी पीने से शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। इससे शरीर स्वस्थ रहता है और ऊर्जा बनी रहती है।

### पोषक तत्वों से भरपूर खाएं फल

उपवास के दौरान कई लोग आलू या फिर सेंक कर खाए जाने वाले शकरकंद जैसे स्टार्च से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन कर लेते हैं, लेकिन इससे शरीर को पोषण नहीं मिलता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप उपवास के दौरान अधिक से अधिक फल खाएं क्योंकि फल विटामिन्स, खनिज और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ये गुण शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

### हल्का-फुल्का कुछ खाएं

उपवास के दौरान लोग कई बार एक ही बार में एक ही चीज खा लेते हैं, लेकिन इससे शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे बचने के लिए उपवास के दौरान हल्का-फुल्का कुछ खाएं। इससे पेट भरा हुआ महसूस होगा और आपको आलस्य नहीं आएगा। इसके अलावा यह तरीका पाचन क्रिया पर भी हल्का प्रभाव डालता है। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती रहती है और आप ताजगी महसूस करते हैं।

### खाली पेट न रहें

खाली पेट रहना भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। इससे शरीर में शुगर का स्तर गिरने लगता है और इससे चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, पेट दर्द जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप उपवास के दौरान ज्यादा देर तक भूखे न रहें और थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ खाते रहें। इसके लिए आप फल, सब्जी का रस या फिर सूखे मेवे खा सकते हैं। इससे शरीर को जरूरी पोषण मिलता रहता है।

### कैफीन का सेवन कम करें

उपवास के दौरान चाय या कॉफी का सेवन ज्यादा किया जाता है, लेकिन इसकी अधिकता सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। इससे बचने के लिए चाय या कॉफी की बजाय हर्बल चाय का सेवन करें। इससे आपको कैफीन नहीं मिलेगी और आपको नींद भी अच्छी आएगी। इसके अलावा हर्बल चाय शरीर को साफ करने में भी मदद कर सकती है। इससे शरीर को आराम मिलता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।



## गर्मियों के दौरान गर्भवती महिलाओं को रखना पड़ता है खुद का विशेष ध्यान

गर्भावस्था एक अहम और संवेदनशील समय होता है, जिसमें महिलाओं को खास देखभाल और सावधानियां बरतने की जरूरत होती है। गर्मियों में बढ़ता तापमान और उमस गर्भवती महिलाओं के लिए कई चुनौतियां पैदा कर सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप गर्मियों में सुरक्षित और स्वस्थ रह सकती हैं। इन उपायों को अपनाकर आप न केवल अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख पाएंगी, बल्कि अपने होने वाले बच्चे का भी ख्याल रख पाएंगी।

**पर्याप्त पानी पिएं :** गर्मियों में सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पानी आपके शरीर को तरोताजा रखता है और पानी की कमी से बचाता है। कोशिश करें कि दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। इसके अलावा आप नींबू पानी, नारियल पानी या ताजे फलों का रस भी ले सकती हैं। इससे आपका शरीर पानी से भरपूर रहेगा और आपको थकान या चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**हल्के कपड़े पहनें :** गर्भावस्था के दौरान हल्के कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। सूती या लिनन जैसे हल्के कपड़े पहनें, जो आपकी त्वचा को हवा लगने देंगे और आपको ठंडक पहुंचाएंगे। तंग कपड़े पहनने से बचें क्योंकि वे आपके शरीर पर दबाव डाल सकते हैं और असुविधाजनक हो सकते हैं। ढीले-ढाले कुर्ते और सलवार या सूती साड़ी पहनें, जो न केवल आरामदायक हों बल्कि स्टाइलिश भी दिखें।

**समय-समय पर आराम करें :** गर्भावस्था में शरीर पर अतिरिक्त भार होता है, इसलिए समय-समय पर आराम करना बहुत जरूरी है। काम करते समय थोड़ी-थोड़ी देर बाद बैठकर आराम करें या लेट जाएं। इससे आपकी थकान कम होगी और आप तरोताजा महसूस करेंगी, खासकर अगर आप गर्मियों में कोई भी भारी काम कर रही हों तो बीच-बीच में आराम करना न भूलें। इससे आपका शरीर ऊर्जा से भरा रहेगा और आप अधिक सक्रिय महसूस करेंगी।

# क्या सिरहाने मोबाइल रखकर सोने से कैंसर होता है? जानिए क्या कहती है मेडिकल रिसर्च

भारत में स्मार्टफोन अब केवल जरूरत नहीं, बल्कि एक लत बन चुका है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश भारतीय सोने से ठीक पहले तक मोबाइल स्क्रॉल करते हैं और फिर उसे सिर के पास रखकर सो जाते हैं। हाल ही में लॉस एंजेलिस के प्रसिद्ध एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ. मायरो फिगुरा के एक वायरल इंस्टाग्राम पोस्ट ने इस आदत को लेकर नई बहस छेड़ दी है। आइए जानते हैं दावे की सच्चाई।

### क्या मोबाइल रेडिएशन वाकई कैंसर का कारण है?

डॉ. फिगुरा के अनुसार, मोबाइल फोन उस समय भी रेडिएशन निकालता है, जब वह इस्तेमाल में नहीं होता। उनका दावा है कि लंबे समय तक फोन को सिर के पास रखने से न केवल अच्छी नींद प्रभावित होती है, बल्कि यह सिरदर्द और भविष्य में कैंसर के जोखिम को भी बढ़ा सकता है।

### नॉन-आयोनाइजिंग रेडिएशन का विज्ञान

विशेषज्ञ बताते हैं कि मोबाइल से निकलने वाली तरंगें 'नॉन-आयोनाइजिंग रेडिएशन' की श्रेणी में आती हैं। यह सूरज की पराबैंगनी किरणों या एक्स-रे (आयोनाइजिंग रेडिएशन) की तरह सीधे हमारे डीएनए को नुकसान नहीं पहुँचातीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मोबाइल रेडिएशन को 'संभावित रूप से कार्सिनोजेनिक' की श्रेणी में रखा है।



### क्या कहते हैं कैंसर एक्सपर्ट?

कैंसर विशेषज्ञों के विचार इस मुद्दे पर थोड़े अलग और स्पष्ट हैं। उनका कहना है कि वर्तमान में ऐसा कोई वैज्ञानिक डेटा उपलब्ध नहीं है जो सीधे तौर पर मोबाइल की रेडियोफ्रीक्वेंसी को ब्रेन ट्यूमर या कैंसर से जोड़ सके। अब तक किए गए वैश्विक अध्ययनों में मोबाइल रेडिएशन और कैंसर के बीच कोई ठोस संबंध नहीं हो पाया है। सोते समय फोन को अपने बिस्तर से कम से कम 3-5 फीट दूर रखें। फोन को अलार्म के लिए इस्तेमाल न करें, इसके बजाय एक साधारण अलार्म घड़ी खरीदें। यदि फोन पास रखना जरूरी है, तो उसे 'एयरप्लेन मोड' पर डाल दें ताकि रेडियो तरंगें कम हो सकें।

### कैंसर नहीं नींद को ज्यादा खतरा

नींद और मानसिक स्वास्थ्य डॉक्टरों का मानना है कि कैंसर से कहीं ज्यादा बड़ा और तात्कालिक खतरा आपकी नींद को लेकर है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन को रोकती है, जिससे नींद आने में कठिनाई होती है। नोटिफिकेशन, वाइब्रेशन और अलर्ट की वजह से हमारा दिमाग सोते समय भी पूरी तरह शांत नहीं हो पाता। चार्जिंग के दौरान फोन को तकिए के नीचे रखने से वह गर्म हो सकता है, जिससे आग लगने या बैटरी फटने का जोखिम रहता है।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
Admission Open For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
• Spoken English & Personality Development
• Safe & Reliable Transport with Surveillance
• Smart Learning with activity based teaching methods
• Regular Seminars, competitions & interactive sessions
• Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids – Where Fun Meets Learning!"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN! Session: 2026-27
PRESCHOOL Playgroup Nursery LKG UKG
DAYCARE CENTRE
Transportation Facilities Available
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th (Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558,
Transport Service Available
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

Contact to Add Your School - 7987119756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
Sunday Open
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

GST रजिस्ट्रेशन नंबर बनवाएं मात्र 500/- में
2 साल पुरानी ITR फाईल बनवाएं मात्र 2000/- में
CMA DATA | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | FOOD लाइसेंस | UDYAM-MSME | TDS रिफंड | Whatsapp पर बनवाएं
C-74 Sector 1, Devendra Nagar, Near Jubesta Hospital Beside Adarsh School, Pandri, Raipur
संपर्क : शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गेम ऑफ थ्रोन्स' एक्टर जेसन परिवार समेत घर से भागने पर मजबूर

'गेम ऑफ थ्रोन्स' एक्टर जेसन मोमोआ इस वक्त अपने पूरे परिवार के साथ हवाई स्थित अपने घर को छोड़कर निकल चुके हैं। दरअसल हवाई में भीषण बाढ़



आई है जैसे 20 साल में अब तक नहीं दिखा। यहां हफ्तों से जारी भारी बारिश के कारण राज्य में चेतावनी जारी कर दी गई। जेसन ने सोशल मीडिया पर हवाई की तबाही वाले मंजर के कुछ खौफनाक वीडियोज़ भी शेयर किए हैं। हवाई में हफ्तों से जारी भारी बारिश की वजह से पिछले 20 वर्षों में सबसे भीषण बाढ़ आई है। बाढ़ का कहर देखकर इस इलाके से काफी लोग अपना-अपना घर छोड़कर वहां से पलायन कर रहे हैं। इन लोगों में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' एक्टर जेसन मोमोआ भी शामिल हैं। बता दें कि जेसन अगली बार 'सुपरगर्ल' में नजर आएंगे। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' एक्टर ने सोशल मीडिया पर हवाई के हालात की झलकियां दिखाई हैं जो काफी डरावनी हैं। उन्होंने बताया है कि सुरक्षा कारणों से जिन लोगों को अपना इलाका खाली करना पड़ा है, उनमें वो भी शामिल हैं। बता दें कि मोमोआ और उनका पूरा परिवार ओआहू के नॉर्थ शोर पर रहता है। जैसे ही तूफान ने इलाके में दस्तक दी और बाढ़ का खतरा दिखना शुरू हुआ एक्टर को अपने परिवार के साथ अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वहां हो रही घटनाओं का नजारा भी दिखाया है।

### टॉलीवुड

## यश की टॉक्सिक के बाद अब दृश्यम 3 की रिलीज भी टलेगी

यश की टॉक्सिक के बाद अब मोहनलाल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' भी पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर जीतू



जोसेफ और उनकी टीम 3 अप्रैल 2026 की रिलीज डेट को टालने पर विचार कर रही है। सिनेमाघरों में 'धुरंधरः द रिवेंज' की धूम मची है। बीते 19 मार्च को रिलीज इस फिल्म ने 4 दिनों के एक्सटेंडेड वीकेंड और प्रीमियर शोज मिलाकर देश में 454.12 करोड़ का नेट कलेक्शन कर लिया है। पहले यश की 'टॉक्सकि' भी बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' के साथ टकराने वाली थी, लेकिन ऐन मौके पर मेकर्स ने इसे 4 जून तक के लिए पोस्टटपोन कर दिया, वहीं अब मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' भी पोस्टपोन होने वाली है। खबर है कि 3 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली यह क्राइम थ्रिलर भी टलने वाली है। हालांकि, इसकी वजह कथित तौर पर वही बताई जा रही है, जो टॉक्सिक के मेकर्स ने बताई थी। यानी खाड़ी देशों में युद्ध के कारण बढ़ता संघर्ष, जिस कारण ओवरसीज बिजनेस प्रभावित होगा। राइटर-डायरेक्टर जीतू जोसेफ की फिल्म 'दृश्यम 3' साल 2013 में शुरू हुई 'दृश्यम' फ्रेंचाइज की तीसरी किस्त है। इससे पहले 2021 में 'दृश्यम 2' रिलीज हुई है। फ्रेंचाइज की इस तीसरी फिल्म को लेकर एक और दिलचस्प बात ये है कि मूल रूप से मलयलाम में बनी यह फिल्म इस बार हिंदी सहित दूसरी भारतीय भाषाओं में भी रिलीज होगी। जबकि इससे पहले अजय देवगन को लीड रोल में लेते हुए 'दृश्यम' और 'दृश्यम 2' का हिंदी रीमेक बना था।

### भोजपुरी

## खेसारी संग आकांक्षा का रोमांटिक डांस, यूजर्स ने किए कमेंट

इन दिनों भोजपुरी में खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी की जोड़ी का जलवा देखने को मिल रहा है। दोनों साथ में न सिर्फ फिल्में कर रहे हैं, बल्कि कई गाने भी कर चुके हैं और कर रहे हैं। आकांक्षा पुरी और खेसारी अब जल्द ही एक और गाने में नजर आएंगे, जिसके शूट का वीडियो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में



आकांक्षा और खेसारी के बीच रोमांटिक एंगल शूट किया जा रहा है। आकांक्षा सीन में खेसारी से लिपटी नजर आ रही हैं। इस पर यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। आकांक्षा पुरी ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, और फैंस के बीच सुर्खियां बटोर रहा है। एक यूजर ने लिखा है, 'क्या जोड़ी है खेसारी भैया।' एक बोला, 'आकांक्षा भाभी आई लव यू।' एक ने लिखा, 'सुपरस्टार खेसारी लाल यादव जी और आकांक्षा पुरी जी का जोड़ी बवाल मचा रखी है।' एक यूजर ने कमेंट किया, 'आग लगा दी।' एक बोला, 'बहुत ही खतरनाक।' मालूम हो कि आकांक्षा पुरी और खेसारी लाल यादव हाल ही फिल्म 'अग्निपरीक्षा' में नजर आए। इससे पहले दोनों साथ में कई भोजपुरी गाने कर चुके हैं। इनमें 'सरसों के तेलवा', 'लाल घघरी', 'लटक जइबा' और 'राजा हमरा से' जैसे गाने शामिल हैं। दोनों भोजपुरी फिल्म 'लोहा गरम' में भी साथ नजर आए। वैसे, इससे पहले आकांक्षा पुरी और खेसारी के एक वीडियो पर खूब बवाल हुआ था। यह तब की बात है, जब दोनों का एक जिम वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वो बहुत ही अतरंग तरीके से वर्कआउट करते नजर आए, जिसे यूजर्स ने आपत्तिजनक बताया था। इस पर जहां खेसारी ने सफाई देते हुए कहा था कि वो वीडियो किसी और ने शूट किया, वहीं आकांक्षा पुरी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह और खेसारी नहीं रुकने वाले। आकांक्षा ने कहा था कि यह कॉन्ट्रोवर्सी रुकने वाली नहीं है। उनके और खेसारी के 10 और गाने आने वाले हैं। आकांक्षा पुरी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और फिर बॉलीवुड में कदम रखे।

---

### ट्रेडिशनल लुक में ग्लैमर का तड़का

बॉलीवुड की यंग फैशन आइकन शनाया कपूर का सीक्विन साड़ी लुक युवाओं के बीच तेजी से ट्रेंड कर रहा है। शिमरी फैब्रिक, स्टाइलिश ब्लाउज और एलिगेंट ड्रेपिंग इसे पार्टी और कॉकटेल इवेंट्स के लिए परफेक्ट बनाती है। एक्सेसरीज के मामले में भी शनाया ने कम, लेकिन क्लासी चॉइस रखी। मिनिमल ईयररिंग्स और सटल मेकअप ने उनके साड़ी लुक को बैलेंस किया है। हेयरस्टाइल को उन्होंने सॉफ्ट वेव्स में रखा जो यंग और फ्रेश वाइब देता है। यही वजह है कि यह लुक ओवरडन नहीं लगता और युवाओं को आसानी से कैरी करने लायक लगता है।



लाइफ स्टाइल

## बदलते मौसम में अनारकली सूट पहनते समय इन बातों का रखें ध्यान, मिलेगा बड़ा आराम

भारतीय महिलाओं के पारंपरिक कपड़ों में अनारकली सूट का एक खास स्थान है। यह न केवल सुंदर दिखता है, बल्कि आरामदायक भी होता है। बदलते मौसम में सही अनारकली सूट चुनना और पहनना जरूरी होता है, ताकि आप हर मौसम में स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें। इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी सुझाव देंगे, जिनसे आप बदलते मौसम में भी अनारकली सूट में सुंदर दिख सकती हैं और आराम महसूस कर सकती हैं।

**सही कपड़े का चयन करें :** बदलते मौसम में कपड़े का चयन सबसे अहम होता है। गर्मियों में हल्के सूती या लिनन के अनारकली सूट अच्छे रहते हैं, क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोखते हैं। बारिश के मौसम में भी सूती या जॉर्जेट के कपड़े अच्छे रहते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि कपड़ा फिसलन भरा न हो। सर्दियों में रेशम या मखमल के अनारकली सूट पहनें, जो आपको गर्माहट देंगे और शाही अंदाज देंगे।



**सही रंग चुनें :** रंगों का चयन करते समय मौसम को ध्यान में रखें। गर्मियों में सफेद, पीला या हल्का नीला जैसे हल्के रंग चुनें, जो ताजगी का एहसास दिलाते हैं। बारिश के मौसम में नीला, हरा या बैंगनी जैसे गहरे रंग अच्छे लगते हैं, क्योंकि ये बारिश की बूंदों में भी खूबसूरत दिखते हैं। सर्दियों में गहरे लाल, काले या भूरे रंग आपके लुक को खास बना सकते हैं और आपको ठंड से भी बचा सकते हैं।

### फिटिंग पर ध्यान दें

अनारकली सूट की फिटिंग बहुत जरूरी होती है। बदलते मौसम में ढीले फिटिंग वाले अनारकली सूट पहनें, ताकि हवा आसानी से गुजर सके और पसीना न फसे। इसके अलावा ढीला फिटिंग वाला अनारकली सूट आपको आरामदायक महसूस कराएगा और लंबे समय तक पहनने पर भी कोई परेशानी नहीं होगी। ध्यान रखें कि कंधे और कमर की फिटिंग सही हो, ताकि आपका लुक निखर कर आए और आप हर मौसम में स्टाइलिश दिखें।

### गहनों से स्टाइल करें

गहने आपके अनारकली सूट को पूरा करते हैं। गर्मियों में हल्के गहने, जैसे झुमके या पतली चेन पहनें, जो आपके लुक को निखार देंगे।बारिश के मौसम में बड़े झुमके या चमकीले रंग की चूड़ियां आपके लुक को खास बना सकती हैं। सर्दियों में भारी गहने, जैसे मोती या कढ़ाई वाले झुमके अच्छे लगते हैं, जो आपके कपड़ों के साथ मेल खाते हैं और आपको एक शाही अंदाज देते हैं।

## त्योहारों या अन्य फंक्शन पर आप पहन सकती हैं गहरे नीले रंग के कपड़े






गहरा नीला एक ऐसा रंग है, जो भारतीय त्योहारों के दौरान बहुत पसंद किया जा रहा है। यह रंग न केवल सुंदर दिखता है, बल्कि पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन मेल भी है। इस रंग के कपड़े हर रंगत वाली महिलाओं पर अच्छे लगते हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको कुछ ऐसे गहरे नीले रंग के परिधानों के बारे में बताएंगे, जो आपके त्योहारों को खास बना सकते हैं और आपको एक नया लुक दे सकते हैं।

**गहरे नीले रंग की साड़ी :** गहरे नीले रंग की साड़ी हमेशा से ही महिलाओं के बीच पसंदीदा रही है। यह न केवल पारंपरिक दिखती है, बल्कि इसमें एक अलग ही शान मिलती है। आप इसे किसी भी त्योहार या विशेष अवसर पर पहन सकती हैं। इस रंग की साड़ी के साथ हल्के गहने पहनें, ताकि आपका लुक संतुलित रहे। इसके अलावा आप हल्का मेकअप कर सकती हैं, जिससे आपका चेहरा चमकता हुआ लगेगा और आप हर मौके पर आकर्षक दिखेंगी।

**गहरे नीले रंग का कुर्ता सेट :** गहरे नीले रंग का कुर्ता सेट भी इस साल बहुत चलन में हैं। ये कुर्ते न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर आप बहुत ही स्टाइलिश लग सकती हैं। आप इन्हें शादी-समारोहों या किसी भी खास मौके पर पहन सकती हैं। कुर्ते के साथ मेल खाता पायजामा या लंबी स्कर्ट पहनें, जिससे आपका लुक पूरा हो जाएगा। इसके अलावा हल्के गहने और सरल चप्पलें इस लुक को और भी खास बना सकती हैं।

**गहरे नीले रंग की लहंगा-चोली :** अगर आप शादी या किसी बड़े उत्सव में जाने वाली हैं तो गहरे नीले रंग की लहंगा-चोली एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह न केवल सुंदर दिखता है, बल्कि इसमें एक शाही अंदाज भी होता है। लहंगा-चोली के साथ भारी गहने पहनें, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इसके अलावा हल्का मेकअप करें, जिससे आपका चेहरा चमकता हुआ लगेगा। इस परिधान के साथ हील वाली सैंडल ही अच्छी लगती हैं।

**गहरे नीले रंग की कुर्ती और प्लाजो :** आजकल प्लाजो पैंट बहुत चलन में हैं और गहरे नीले रंग की कुर्ती के साथ इसे पहनना एक नया चलन बन गया है। यह पहनावा न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक आधुनिक लुक भी देता है। आप इसे किसी भी छोटे-मोटे त्योहार या पार्टी में पहन सकती हैं। यह परिधान

## सूती बनाम लिनन: इन दोनों कपड़ों के बीच है अंतर, मगर पहनने में आरामदायक व स्टाइलिश

कपड़े पहनने में आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने की चाहत हर किसी को होती है, खासकर जब बात गर्मियों की हो तो सही कपड़े चुनना ज्यादा जरूरी हो जाता है क्योंकि इनसे न केवल आपका लुक बल्कि आपके पूरे दिन का मूड भी प्रभावित होता है। इस लेख में हम सूती और लिनन कपड़ों के बारे में जानते हैं, जिससे आप समझ सकें कि आपके लिए कौन-सा कपड़ा बेहतर है।

**सूती कपड़ों की खासियत :** सूती कपड़े प्राकृतिक धागों से बने होते हैं, जो पहनने में आरामदायक और त्वचा को ठंडक देते हैं। ये कपड़े हल्के होते हैं और इन्हें पहनने से शरीर को हवा लगती रहती है, जिससे गर्मियों में ठंडक महसूस होती है। सूती कपड़े मुलायम होते हैं और इन्हें रोजमर्रा में पहनना आसान होता है। इन्हें धोना भी आसान होता है और ये मशीन में भी धुल सकते हैं। सूती कपड़ों के कई रंग और डिजाइन उपलब्ध होते हैं।



### लिनन कपड़ों का आकर्षण

लिनन कपड़े भी प्राकृतिक धागों से बने होते हैं, लेकिन इनकी बनावट थोड़ी खुरदरी होती है और इनमें हल्की झुर्रियां होती हैं, जो इन्हें खास लुक देती हैं। लिनन कपड़े बहुत हल्के होते हैं और इन्हें पहनने से शरीर को ठंडक मिलती है। हालांकि, लिनन कपड़ों की देखभाल थोड़ी मुश्किल हो सकती है क्योंकि इन्हें हाथ से धोना पड़ता है और इन्हें प्रेस करना पड़ता है ताकि ये सही दिखें।

### दोनों कपड़ों के बीच का अंतर

सूती और लिनन कपड़ों में मुख्य अंतर उनके धागों की संरचना का होता है। सूती कपड़े पूरी तरह से मुलायम होते हैं, जबकि लिनन कपड़ों में छोटे-छोटे धागों का मिश्रण होता है, जिससे ये खुरदरे लगते हैं। लिनन कपड़ों में हल्की झुर्रियां रहती हैं, जबकि सूती कपड़े ऐसे नहीं होते। यह अंतर उनकी देखभाल के तरीके में भी दिखता है, जहां सूती कपड़े आसानी से धोए जा सकते हैं।

## अपने पारंपरिक परिधानों के साथ पहनें लेटेस्ट तरह की पायल, सुंदरता में लगेंगे चार चांद

पायल भारतीय महिलाओं के पैरों की सुंदरता को बढ़ाने वाला पारंपरिक गहना है। यह न केवल पारंपरिक परिधान के साथ, बल्कि आधुनिक कपड़ों के साथ भी अच्छी लगती है। वसंत ऋतु में हल्के कपड़ों का चलन होता है और ऐसे में पायल आपके लुक को खास बना सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी पायल के बारे में बताते हैं, जो वसंत ऋतु के दौरान आपके हर परिधान के साथ अच्छी लगेंगी।

**चांदी की पायल :** चांदी की पायल भारतीय संस्कृति में बहुत अहमियत रखती हैं। ये न केवल श्रृंगार का हिस्सा हैं, बल्कि इनके बिना कोई भी लुक पूरा नहीं हो सकता है। चांदी की पायल की खासियत यह है कि ये हर रंग के



कपड़ों के साथ मेल खाती हैं। इन्हें आप सूट, साड़ी या जींस-टॉप जैसे किसी भी परिधान के साथ पहन सकती हैं। चांदी की पायल का सरल डिजाइन उन्हें हर मौके के लिए उपयुक्त बनाता है।

**मोती की पायल :** मोती की पायल अपने सरल, लेकिन आकर्षक डिजाइन के लिए जानी जाती हैं। ये खासतौर पर शादी-ब्याह जैसे अवसरों पर पहनी जाती हैं। मोती की पायल को आप लहंगा-चोली या साड़ी के साथ पहन सकती हैं। ये आपके पैरों को एक नाजुक और आकर्षक लुक देती हैं।

मोती की पायल का सफेद रंग हर रंग के कपड़ों के साथ मेल खाता है, जिससे आपका पूरा लुक और भी खास लगता है।

**रंगीन पत्थरों वाली पायल :** अगर आप कुछ अलग चाहती हैं तो रंगीन पत्थरों वाली पायल आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। इन पायल में अलग-अलग रंगों के पत्थरों का उपयोग किया जाता है, जो इन्हें बहुत आकर्षक बनाते हैं। आप इन्हें किसी भी प्रकार की पोशाक के साथ पहन सकती हैं।

---

कार्नर न्यूज

### हल्के रंग के कपड़े पहनने से गर्मी कम लगती है

गर्मियों में कपड़े चुनते समय सबसे ज्यादा ध्यान आराम और स्टाइल पर देना चाहिए। इस मौसम में हल्के और सांस लेने वाले कपड़े सबसे अच्छे होते हैं। इसके अलावा हल्के रंग के कपड़े पहनने से गर्मी कम लगती है। इस लेख में हम पुरुषों के लिए रोजमर्रा के उपयोग के लिए कपड़े के विकल्प बताएंगे, जो न केवल आरामदायक हैं बल्कि स्टाइलिश भी।

## गर्मियों में पुरुष रोजमर्रा के लिए करें हल्के आरामदायक और बेहतरीन कपड़ों का उपयोग



### प्रिंटेड शर्ट और जींस का मेल

प्रिंटेड शर्ट और जींस का मेल हमेशा से ही पसंदीदा रहा है। प्रिंटेड शर्ट में फूलों या ज्योमेट्रिक डिजाइन चुनें, जो आपको एक ताजगी भरा लुक देगा। हल्के रंगों की शर्ट जैसे हल्का नीला या सफेद रंग की शर्ट गर्मियों में बहुत अच्छा लगता है। इसे आप किसी भी रंग की जींस के साथ पहन सकते हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाएगा, जिससे आप हर मौके पर बेहतरीन दिखेंगे।

### पोलो टी-शर्ट और हल्की पैंट

पोलो टी-शर्ट्स एक बढ़िया विकल्प हैं, जो आपको आरामदायक महसूस कराती हैं और स्टाइलिश भी दिखाती हैं। इन्हें आप किसी भी रंग की हल्की पैंट के साथ पहन सकते हैं, लेकिन हल्के रंग जैसे सफेद या बेज रंग ज्यादा अच्छे लगते हैं। पोलो टी-शर्ट्स में धारियां या छोटे डिजाइन भी अच्छे लगते हैं, जो आपके लुक को खास बनाते हैं।

### लिनन शर्ट और लिनन पैंट

लिनन कपड़े बहुत हल्के होते हैं और गर्मियों के लिए एकदम सही होते हैं। लिनन की शर्ट और पैंट्स का मेल आपको एक ताजगी भरा लुक देगा। सफेद या हल्के नीले रंग की लिनन शर्ट्स सबसे ज्यादा पसंद की जाती हैं क्योंकि ये आपको ठंडक महसूस कराती हैं। पैंट्स में भी हल्के रंगों का चयन करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इस तरह की पोशाक न केवल आरामदायक है बल्कि हर मौके पर आपको आकर्षक भी बनाएगी।



### हवाई चप्पलें और टोपी

गर्मियों में जूते चुनते समय आराम सबसे अहम होता है। हवाई चप्पलें आपके पैरों को हवा लगने देती हैं जिससे वे तरोताजा रहते हैं।इसके अलावा टोपी पहनकर आप धूप से बच सकते हैं और साथ ही स्टाइलिश भी दिख सकते हैं। टोपी में हल्के रंग चुनें जैसे सफेद या हल्के नीले, जो आपके पूरे लुक को पूरा करेंगे। इस तरह की जूते और एक्सेसरीज न केवल आपको आरामदायक महसूस कराएंगी बल्कि हर मौके पर आपको आकर्षक भी बनाएंगी।